खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 33° C
न्यूनतम : 22° C

बरेली, बुधवार 29 अप्रैल 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 148 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 10 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Alumni working at Microsoft, Google, Atlassian, Bain & Company, and more
1.3 Cr. Alumnus Package
B.TECH. ADMISSIONS 2026
CSE | Artificial Intelligence and Machine Learning | VLSI
Smart Manufacturing | Intelligent Robotics and Automation
Applied Petroleum Engineering | Aerospace Engineering and more
Apply through UPESEAT Entrance Test
SCAN TO APPLY
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students* | LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026

## संक्षिप्त समाचार

### मस्जिद सभी के लिए खुली: इसका मतलब यह नहीं वहां पूजा करने लगें : वकील

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य संप्रदायों के धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। मंगलवार को सुनवाई का 9वां दिन था। मस्जिद दरगाह में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ दलील दे रहे एडवोकेट निजाम पाशा ने कहा कि कोई व्यक्ति हिजाब को धार्मिक रूप से अनिवार्य मान सकता है, लेकिन स्कूल के नियम अलग हो सकते हैं। मतलब धार्मिक विश्वास हमेशा संस्थागत नियमों से ऊपर नहीं होगा। अगर किसी मोहल्ले की मस्जिद सबके लिए खुली हो तो भी कोई जाकर घंटी नहीं बजा सकता। आरती नहीं कर सकता, क्योंकि उस जगह की अपनी धार्मिक मर्यादा है।

### सिसोदिया भी जज स्वर्णकांता की कोर्ट में पेश नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के बाद अब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर सूचित किया है कि न तो वह और न ही उनके वकील उनकी अदालत में पेश होंगे। श्री सिसोदिया ने अपने पत्र और सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'पूर्ण सम्मान के साथ', उनकी अंतरात्मा उन्हें वर्तमान परिस्थितियों में न्यायमूर्ति के समक्ष कार्यवाही में भाग लेना जारी रखने की अनुमति नहीं देती है।

### गुजरात निकाय चुनाव: सभी नगर निगमों में BJP जीती

**अहमदाबाद।** गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है। राज्य के 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के चुनाव की काउंटिंग सुबह 8 बजे से जारी है। इनमें 9992 सीटें हैं। भाजपा ने अब तक 6161 सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस के खाते में 1315 और अन्य को 592 सीटें मिली हैं। इस चुनाव भाजपा का स्ट्राइक रेट 76 फीसदी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दावा किया है कि उसे 380 सीटों पर जीत मिली है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के 3 उम्मीदवारों को जीत मिली है।

### हौज खास स्थित डियर पार्क से हिरण राजस्थान जाएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हौज खास स्थित दिल्ली के एएन झा डियर पार्क से हिरणों को राजस्थान के टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है और इसके साथ ही अदालत ने देश भर में वन्यजीवों के स्थानांतरण के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी निर्धारित किए हैं। सीईसी के निष्कर्षों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कार्यवाही को बंद कर दिया और अधिकारियों को वैज्ञानिक तथा समयबद्ध स्थानांतरण योजना लागू करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।

# अमेरिका अब दूसरे देशों पर फैसले थोपने की स्थिति में नहीं

## ईरान की दो टूक: ट्रम्प का दबाव नहीं सहेंगे, दावा: ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलने को तैयार

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने सरकारी टीवी से कहा कि वे ट्रम्प का दबाव नहीं सहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी गलत मांगों को छोड़ना ही होगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका, होर्मुज स्ट्रेट को खोलने से जुड़े ईरान के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच फिलहाल युद्धविराम लागू है, लेकिन इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के लिए जो बातचीत चल रही है, उसमें अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। इस बीच ईरान पहली बार होर्मुज स्ट्रेट खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अमेरिका को बातचीत के लिए रविवार को एक नया प्रस्ताव दिया था। इसमें मुख्य रूप से 3 शर्तें

-शेष पृष्ठ दो पर



### एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को उपाध्यक्ष चुना गया

**न्यूयॉर्क।** ईरान को न्यूयॉर्क में चल रहे परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुना गया है। ईरान ने इसे परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के लिए अपने प्रयासों की जीत बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने इस चुनाव की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी का हालांकि कहना है कि ईरान लगातार परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। वियना में ईरानी मिशन ने एक बयान में कहा कि यह चुनाव वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ईरान की 'भूमिका और वकालत' का सम्मान है। ईरान ने अपना पुराना नारा दोहराते हुए कहा कि परमाणु ऊर्जा सभी के लिए, लेकिन परमाणु हथियार किसी के लिए नहीं। ईरान ने अपने दावे में यह भी कहा कि उनके यहां परमाणु हथियारों पर धार्मिक रूप से पाबंदी है। इसके लिए उन्होंने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता के उस फतवे का हवाला दिया, जिसमें इन हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। पिछले साल आईएईए के 35 सदस्यीय बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 2005 के बाद पहली बार आधिकारिक रूप से कहा गया था कि ईरान परमाणु नियमों का पालन नहीं कर रहा है।

### ईरान को होर्मुज नियंत्रित करने का अधिकार: रूस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने जोर देकर कहा है कि जंग के समय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान के पास होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन को विनियमित और प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

श्री नेबेंज़ियाने बोलते हुए सारा इल्जाम ईरान पर मढ़ने की कोशिशों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान को हमलावर के रूप में पेश करना गुमराह करने वाला है। उन्होंने कहा कि पूरी जिम्मेदारी ईरान पर डालने की कोशिश की गई, मानो ईरान ने ही अपने पड़ोसियों पर हमला किया हो। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि युद्ध की स्थिति में खतरे का सामना कर रहे किसी भी तटीय देश के पास अपनी सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र के भीतर आवाजाही को सीमित करने का अधिकार होता है। रूसी दूत ने पश्चिमी देशों पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने का भी आरोप लगाया और अन्य क्षेत्रों में समुद्री आचरण के साथ इसकी तुलना की।

# तपी धरती, झुलसा बदन

## यूपी का बांदा 47.6° दुनिया में सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो




- भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में बारिश- आंधी का अलर्ट
- 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी भारी गर्मी के बीच दिल्ली में आंधी और बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम के कारण मौसम में अचानक यह बदलाव हुआ है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को बांदा 47.6 डिग्री सेल्सियस के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां 30 अप्रैल 2022 को 47.4 डिग्री तापमान रहा था। राजस्थान के जैसलमेर में 46.4 डिग्रीतापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री पहुंच गया, जो पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा है। जैसलमेर-खजुराहो के अलावा देश के 4 शहरों में पारा 46 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। इनमें बाड़मेर 46 डिग्री, वर्धा 46.5डिग्री, अमरावती 46.6डिग्री और अकोला 46.3 डिग्री शामिल हैं। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### लू से प्रभावितों के लिए पहले से ही कार्रवाई करें राज्य : एनएचआरसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली को लू से प्रभावित होने वाले लोगों के जीवन की रक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली में देश में भीषण गर्मी के दौरान प्रभावित होने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने और राहत संबंधी उपाय लागू करने को कहा है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरलम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल है। आयोग ने पाया है कि बार-बाल लू चलने, उसकी अवधि और तीव्रता में वृद्धि के कारण हाशिए पर रहने वाले, आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, घरों के बाहर काम करने वाले श्रमिक और बेघर लोग गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं, क्योंकि उनके पास पर्याप्त आश्रय और संसाधन नहीं होते। बुजुर्ग, अल्पवयस्क, बच्चे और नवजात शिशु अत्यधिक गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त लू से आजीविका का नुकसान हो सकता है।

### सलीम डोला को तुर्की से वापस लाना एनसीबी की बड़ी उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नार्को सिडिकेट के खिलाफ सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो



(एनसीबी) ने तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एनसीबी ने मंगलवार को तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के सरकार के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिये सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है।

# यूपी पुलिस में एक लाख भर्तियों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

- योगी ने उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि प्रदेश में इस वर्ष करीब एक लाख पुलिस भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ रही है, जिससे योग्य युवाओं को अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 चयनित प्रधान परिचालकों/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विभाग पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से पूरा किया है, अब युवाओं का दायित्व है कि वे साफ नीयत, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी सेवा दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्ती प्रक्रिया में लेनदेन और भेदभाव की



शिकायतें होती थीं, लेकिन अब योग्यता और आरक्षण के आधार पर निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया गया है। पिछले 9 वर्षों में प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई है, जो अब फील्ड में तैनात होकर सेवा देंगे। ट्रेनिंग व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव आया है, जहां पहले सीमित संख्या में प्रशिक्षण होता था, वहीं अब एक साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। योगी ने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था के चलते प्रदेश में निवेश बढ़ा है और इससे अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

## ईडी ने आरकॉम की लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) बैंक धोखाधड़ी मामले में 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

इसके साथ ही रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप (आरएएजी) से जुड़े मामलों में कुल कुर्की 19,344 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ईडी ने मंगलवार को बताया कि संपत्तियों को क्षय से बचाने और बैंकों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 5 के तहत यह अंतरिम कुर्की की है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) बैंक और सार्वजनिक धन की कथित हेराफेरी और धन शोधन के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है। यह जांच भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा आरकॉम, अनिल डी. अंबानी और अन्य के खिलाफ दर्ज कराई गई सीबीआई की कई प्राथमिकियों के आधार पर शुरू की गई थी।

### अंतरिम कुर्की दोष सिद्धि नहीं : अनिल अंबानी का परिवार

**नई दिल्ली।** आरकॉम से जुड़े एक मामले में ईडी की अंतरिम कुर्की की हालिया कार्रवाई पर अनिल अंबानी परिवार ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि इससे दोष साबित नहीं होता। परिवार ने कहा है कि अंतरिम कुर्की दोष सिद्धि नहीं है और प्रभावित पक्ष प्राधिकरण के समक्ष तय समय सीमा में अपना पक्ष रखेंगे। जांच में प्रवर्तकों से जुड़ी संपत्तियों का पता चला है, जिनमें मुंबई की उषा किरण बिल्डिंग में एक फ्लैट, पुणे के खंडाला में एक फार्महाउस और अहमदाबाद के साणंद में जमीन का एक हिस्सा शामिल है।

## दिल्ली कोर्ट ने सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर को तीन महीने जेल की सजा सुनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोर्ट ने दो सीबीआई ऑफिसर्स को दो दशक पहले एक रेड के दौरान इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) ऑफिसर के घर में मारपीट करने और बिना इजाजत घुसने के जुर्म में तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शशांक नंदन भट्ट रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर वीके पांडे और रमनीश के खिलाफ सजा पर दलीलें सुन रहे थे, जो 2000 में रेड के समय सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के तौर पर काम कर रहे थे। रमनीश अभी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) में जॉइंट डायरेक्टर हैं। कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर 50.50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों पर आईआरएस ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाए गए थे।

## बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर मतदान आज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

ममता की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। ममता के खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। कोलकाता में एक महिला कर्मचारी गर्मी के चलते बेहोश हो गई। सेकेंड फेज में कुल 1473 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण में 92.72 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण बनाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस ने राज्य भर में 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पूर्व बर्धमान के टीएमसी पार्षद नारु गोपाल भक्त भी शामिल हैं, जिन पर भाजपा नेता के घर हमले और डराने-धमकने का आरोप है। बंगाल में 510 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री जब्त हो चुकी है। 2021 के चुनाव में 339 करोड़ की जब्ती हुई थी।

# नारी शक्ति से भयभीत है परिवारवादी दल: मोदी

वाराणसी, वार्ता



- वाराणसी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

**पीएम मोदी** मंगलवार की दोपहर दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से बरेका पहुंचे। यहां गेस्ट हाउस में विश्राम के बाद शाम करीब पांच बजे बरेका में आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में पहुंचे। यहां महिलाओं के बीच से होकर पीएम मंच पर पहुंचे।

उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी वंदन सम्मेलन में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज देश की लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और उनमें से करीब तीन करोड़ महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में बनारस की हजारों महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने भोजपुरी में कहा कि अभी त शुरुआत भयल हौ, ई बोनस बढ़त जाई, जिससे कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं में उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का अभियान शुरू हो चुका है और इसमें महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहली बार सैनिक स्कूलों और रक्षा क्षेत्र के द्वार बेटियों के लिए खोले गए हैं, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई संसद के गठन के बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया और वर्ष 2023 में नारी वंदन अधिनियम लाया गया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रग तस्कर की एक करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में नशा मुक्त अभियान के तहत ड्रग तस्करी के खिलाफ अपनी तेज कार्रवाई जारी रखते हुए श्रीनगर पुलिस ने एक ड्रग तस्कर की लगभग 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस)एक्ट की धारा 68-एफ के तहत कार्रवाई करते हुए रैनावारी पुलिस स्टेशन ने आरोपी बिलाल अहमद पाटू, सैदकदल, श्रीनगर की 11 मरला जमीन के साथ एक मंजिला रिहायशी घर कुर्क किया। आरा. पी एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20-29 के तहत शामिल है। उक्त संपत्ति की पहचान ड्रग तस्करी से कमाए गए पैसे से गैर-कानूनी तरीके से हासिल की गई संपत्ति के रूप में की गई है।

### मार्च में 4.1 प्रतिशत बढ़ा औद्योगिक उत्पादन

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू खनन सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन से मार्च में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.1 प्रतिशत बढ़ा जो पांच महीने में सबसे कम है। यह अक्टूबर 2025 के बाद की सबसे सुस्त वृद्धि है। इस साल फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी के 5.9 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र की 2.3 प्रतिशत से घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई। हालांकि खनन क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी की 3.1 फीसदी की तुलना में मार्च में 5.5 फीसदी हो गई। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भी औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# सहमति से शारीरिक संबंध रेप नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



■ याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रेप केस में एक आरोपी की अग्रिम याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने के बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बालिगों के बीच सहमति से लंबे समय तक चलने वाला शारीरिक संबंध बलात्कार नहीं हो सकता है। कोर्ट ने इस केस में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह आदेश दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला की सिंगल बेंच ने आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वो पुलिस जांच में सहयोग करेगा। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसके बाद कोर्ट ने यह टिप्पणी की। आरोपी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा तब खटखटाया, जब मामले में कथित पीड़िता ने उसके खिलाफ बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी याचिकाकर्ता ने आजमगढ़ के सिधारी थाने में बीएनएस की धारा 64, 115(2) और 351(3)के तहत एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से अग्रिम जमानत देने की मांग की थी। याची के वकील ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि याची को बलात्कार केस में फर्जी तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने कोर्ट में अपनी सारी दलीलें रखीं, कोर्ट ने सभी तथ्यों के आधार पर माना कि सहमति से बालिगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे फिजिकल रिलेशन को बलात्कार नहीं माना जा सकता है। पीड़ित जो एक विधावा है और उसका 15 साल का बेटा है, उसने याची के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीएनएस की धारा 183 के तहत दर्ज किया गया बयान एफआईआर में बताई गई कहानी से बिल्कुल अलग है। धारा 183 के तहत दर्ज बयान में आपसी सहमति से संबंध दिखाया गया है और याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है, वहीं याची का कोई क्रिमिनल इतिहास नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि मामले में महिला ने दावा किया कि उसने 2022 से याचिकाकर्ता से बात करना शुरू किया था., हालांकि कोर्ट में सरकार की तरफ से अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया गया और कहा गया कि याची इस मामले में अकेला नामजद आरोपी है। उसने पीड़िता का फायदा उठाते हुए बंदूक की नोक पर उसके साथ रेप किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में यह नहीं बताया गया कि पीड़िता और याचिकाकर्ता के बीच सहमति से रिश्ता था। धारा183 के तहत दर्ज बयान में पीड़िता का दावा है कि उसने साल 2022 से याची से फोन पर बात करना शुरू कर दिया था और उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए थे। वह लगभग 35 साल की विधवा है, जिसका एक 15 साल का बेटा है।

# महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म हो चुका

कांग्रेस ने कहा है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित थे, वहां अब चुनाव लगभग समाप्त हो गए हैं, इसलिए सरकार को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अब विभिन्न राज्य विधानसभाओं के लिए होने वाले चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका है और लोकसभा के परिस. ीमन को लागू करने का सरकार का प्रयास विपक्ष की एकजुटता के कारण विफल रहा है, तो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को वर्ष 2029 से लोकसभा की मौजूदा संख्या के साथ किस प्रकार लागू किया जा सकता है, इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। यह कदम संभव, वांछनीय और आवश्यक है। कांग्रेस नेता ने आरा. ेप लगाया कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिलाओं का आरक्षण वास्तविक मुद्दा नहीं था, बल्कि उस समय का एजेंडा परिसीमन से जुड़ा हुआ था।

### ओडिशा के सिजिमाली में अशांति की केंद्र कराए निष्पक्ष जांच

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा के रायगड़ा और कालाहांडी जिलों के सिजिमाली क्षेत्र में उत्पन्न अशांति पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से पूरे घटनाक्रम की व्यापक और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसको लेकर कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित बॉक्साइट खनन परियोजना और उससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं को लेकर स्थानीय आदिवासी समुदायों में व्यापक असंतोष है, जिसे संवे. दनशीलता से संभालने की आवश्यकता है।

# शिष्टमंडल को गाजीपुर जाने से रोकना दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ सीएम योगी ने किया मौलिक अधिकारों का उल्लंघन: गौतम

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में दलितों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस आदिवासी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम तथा उनके साथ उत्तर प्रदेश के गाजीपुर गए प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्यों ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी की हत्या हुई है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कल पीड़ित परिवार से मिलने और उन्हें सांत्वना देने जा रहा था, लेकिन प्रशासन ने उन्हें वहां जाने से रोक दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने धारा 163 का हवाला दिया। उनका कहना था कि कानून में पीड़ित की पहचान उजागर न करने का प्रावधान है लेकिन प्रशासनिक आदेश में ही पीड़ति की पहचान सामने आ रही है, जो नियमों के विपरीत है। गौतम ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित कई बड़े राज्यों में दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में घोड़ी पर बारात लेकर जा रहे एक दलित दूल्हे के साथ मारपीट की गई।

## समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे: अखिलेश

# आईपीएस के वायरल वीडियो पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बंगाल चुनाव में ऑब्जर्वर बनकर पहुंचे यूपी के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा

**लखनऊ।** बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख+[शे नहीं जाएंगे। यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इस प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और 'महिला सम्मान' व 'नारी वंदन' जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि से जुड़ा मामला बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकरण में होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री का रुख क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि इतना कुछ सामने आने के बाद सरकार पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई का दबाव बनना तय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल अपरा. धियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसे अधिकारियों पर भी समान रूप से लागू होनी चाहिए, ताकि महिलाओं का भरोसा कायम रह सके।

### आईपीएस की नियुक्ति पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के समर्थकों ने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने दूसरे चरण में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने तेलुगू एक्शन फिल्म 'पुष्पा' और बॉलीवुड की फिल्म -'सिंघम' का जिक्र करते हुए कहा कि शर्मा बीज. ेपी द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को धमकाने की इजाजत नहीं देंगे। यह बंगाल है, अगर वह 'सिंघम' है, तो मैं 'पुष्पा' हूं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 76886.00
**निफ्टी** 23995.70



**सोना** 150000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 238000
प्रति किलो



# बैंकिंग, आईटी शेयरों के दबाव में लुढ़के प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग और आईटी सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक (0.54 प्रतिशत) गिरकर 76,886 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 97 अंक यानी 0.40 फीसदी नीचे 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। डॉलर की तुलना में रुपए में 40 पैसे से ज्यादा की गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई है। बड़ी कंपनियों के विपरीत छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.26 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.42 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, आईटी और ऑटो सेक्टरों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया।

तेल एवं गैस, धातु और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। संसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडिगो और मारुति सुजुकी के शेयर ढाई फीसदी से अधिक लुढ़क गए। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआई सीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट में डेढ़ से दो प्रतिशत तक की गिरावट रही। इंफोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर एक से डेढ़ प्रतिशत तक टूटे। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल में डेढ़ प्रतिशत के आसपास तेजी रही। टेक महिंद्रा, सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी ऊपर रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,629 रुपए घटकर 1.50 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले गुरुवार को यह 1.51 लाख पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 5,381 रुपए घटकर 2.38 लाख रुपए रह गई। चांदी की कीमत कल यानी 27 अप्रैल को 2.49 लाख रुपए थी।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। उच्चतम स्तर से सोना 26 हजार सस्ता होकर अब 1.50 लाख प्रति10 ग्राम आ चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। पिछले 89 दिन में चांदी 1.48 लाख गिरकर 2.38 लाख/किलो पर आई। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# मदर डेयरी ने 30 से अधिक नए उत्पाद पेश करने की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता**

मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नए उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उससे प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जाएगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ए उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं।

आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नए उत्पाद ला रहा है। इनमें पहली बार टू-इन-वन मटका और टब फॉर्मेट, प्रीमियम क्राफ्टेड रेंज, तथा युवाओं को पसंद आने वाले फ्लेवर्स जैसे क्रीम चीज पिस्ता कोन और पिस्ता कुल्फी कसाटा शामिल हैं। इसके अलावा गो-लो सब-ब्रांड के तहत कम कैलोरी वाली आइसक्रीम की नई रेंज भी पेश की जा रही है, जो तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स- चोको आल्मंड, शाही मेवा और केसर पिस्ता टिल्ला कुल्फी- में उपलब्ध होगी। कंपनी अपने फेश डेयरी पोर्टफोलियो में जामुन योगर्ट और भुना जीरा रायता जैसे उत्पाद ला रही है। नई कैटेगरी श्रीखंड को पश्चिमी बाजारों के लिए तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स में पेश किया जाएगा और उत्तरी बाजारों के लिए मीठी दही पेश की जाएगी। कंपनी अपने यूएचटी दूध पोर्टफोलियो का भी विस्तार करेगी, जिसमें काउ मिल्क और स्टैंडर्डाइज्ड मिल्क को जम्मू एवं कश्मीर जैसे बाजारों में पेश किया जाएगा, ताकि सुविधाजनक और लंबी शेल्फ-लाइफ वाले विकल्पों की बढ़ती मांग पूरी की जा सके। इसके अतिरिक्त हाई-प्रोटीन 'प्रो' रेंज को प्रोकर्ड और प्रोपनीर- क्रमश: हाई-प्रोटीन दही और हाई-प्रोटीन पनीर- के साथ और मजबूत किया जा रहा है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम एशिया संकट: तारकोल के रेट में 60 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव का असर अब उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों पर साफ नजर आने लगा है। कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तारकोल के दामों में तेज उछाल आया है, जिससे सड़क निर्माण की गति धीमी पड़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में पिछले डेढ़ महीने के भीतर तारकोल के रेट में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अचानक बढ़ोतरी से पुराने रेट पर ठेका लेने वाले ठेकेदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारी भी मानते हैं कि लागत बढ़ने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। निर्माण विभाग के सूत्रों के अनुसार, 1 मार्च 2026 को तारकोल (वीजी-30) का दाम 46,532 रुपए प्रति टन था। इसके बाद हर पंद्रह दिन में इसमें उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।16 मार्च भाव 51,092 रुपए प्रति टन, 1 अप्रैल को 65,002 रुपए प्रति टन और 16 अप्रैल को 76,152 रुपए प्रति टन हो गया था।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अमेरिका अब...** थीं- 1. अमेरिका- इजरायल के साथ चल रहा युद्ध खत्म हो और आगे हमला न करने की गारंटी मिले 2. फिर अमेरिका की समुद्री नाकेबंदी हटे, होर्मुज खुले और जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू हो 3. सबसे आखिर में परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन जैसे विवादित मुद्दों पर बात हो, हालांकि ट्रम्प इस प्रस्ताव को मानने को तैयार नहीं हैं। ट्रम्प सरकार का मानना है कि अगर बिना परमाणु कार्यक्रम का मामला सुलझाए बिना होर्मुज स्ट्रेट खोला, तो बातचीत में अमेरिकी पक्ष कमजोर हो जाएगा। इसलिए दोनों का हल एक साथ ही निकाला जाना चाहिए। ओमान के मुसंदम तट के पास सोमवार को होर्मुज में कई जहाज खड़े दिखाई दिए। युद्ध शुरू होने के बाद से इनमें से कई जहाज फंसे हुए हैं। ट्रम्प ने दो दिन में दूसरी बार ईरान का प्रस्ताव ठुकराया है। दरअसल, पिछले कई हफ्तों से ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के जरिये प्रस्तावों का आदान-प्रदान हो रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अहम मुद्दों पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है।

### ओडिशा कंकाल मामले में बैंक ने आरोपों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक व्यक्ति के बहन की मौत के सबूत के तौर पर बैंक में कंकाल लेकर पहुंचने की घटना पर सफाई देते हुए कहा है कि शाखा प्रबंधक का इरादा उस व्यक्ति को परेशान करने का नहीं था, बल्कि वह सिर्फ नियमों का पालन कर रहे थे। घटना के एक दिन बाद मंगलवार को बैंक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ओडिशा के क्योंझर जिले में उसके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 'ओडिशा ग्रामीण बैंक' की मल्लीपोसी शाखा में 27 अप्रैल को जीतू मुंडा नाम का व्यक्ति आया था। उसने खुद को कालरा मुंडा का भाई बताते हुए उसके खाते से पैसे निकालने की मांग की। पोस्ट में कहा गया है कि जब उसे बताया गया कि बिना उचित प्राधिकार पत्र के कोई भी व्यक्ति किसी और के खाते से पैसा नहीं निकाल सकता तो उसने बताया कि कालरा मुंडा की मौत हो चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर को विकास की बड़ी सौगात

**श्रीनगर, वार्ता**



■ शिवराज सिंह चौहान ने 3566 करोड़ की सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3566 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 4568-23 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि भी जारी की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुलरदर कुमार चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें बनाने के लिए नहीं, बल्कि दिल से दिल जोड़ने के संकल्प के साथ आई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए षदिल के द्वार भी खुले हैं और दिल्ली के द्वार भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के दोनों चरणों में जम्मू-कश्मीर को प्राथमिकता दी गई है। यह इस बात का सुबूत है कि केंद्र सरकार इस इलाके के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एक ही साल में राज्य के लिए लगभग 8,000 करोड़ रुपए की सड़कों की स्वीकृति एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसकी मदद से हर गांव और दूरदराज की आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। चौहान ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि अब लक्ष्य केवल 'लखपति दीदी' बनाना नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त उद्यमी बनाना है। कृषि के मुद्दे पर उन्होंने घोषणा की कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों की एक टीम जल्द ही जम्मू-कश्मीर आएगी, जो यहां की जलवायु और मिट्टी का अध्ययन कर खेती को लाभकारी बनाने का विस्तृत रोडमैप तैयार करेगी।

### जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए दिल और दिल्ली दोनों के दरवाजे खुले: शिवराज

**श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने के लिए भी प्रतिबद्ध है और जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए 'दिल और दिल्ली', दोनों के दरवाजे खुले हैं।

श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजी एसवाई)-4 (बैच-2) के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपने के बाद उन्होंने यह बात कही। इस योजना से केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने, दूरदराज क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ने और कृषि आधारित समृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार पीएमजीएसवाई के नए चरण से किसानों और ग्रामीण समुदायों को वस्तुओं एवं सेवाओं की बेहतर आवाजाही का लाभ मिलेगा।

# दबंगो ने गोदाम का ताला तोड़कर जमाया कब्जा

## नौ लाख से अधिक का माल गायब होने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गोदाम कब्जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पीड़ित ने दबंगों पर मारपीट, अभद्रता और पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला बेगम सराय निवासी इंतजार पुत्र अब्दुल हमीद ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह प्लास्टिक दानों के क्रय-विक्रय का कार्य करता है। इसी सिलसिले में उसने इंदिरा चौक के पास एक गोदाम किराये पर लिया था, जिसमें उसका लाखों रुपये का माल रखा हुआ था। पीड़ित के अनुसार 30 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे कुछ दबंग किस्म के लोग उसके गोदाम पर पहुंचे और जबरन ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने गोदाम पर अपना ताला डाल दिया और अंदर रखे माल पर भी कब्जा जमा लिया। जानकारी मिलने पर जब पीड़ित अपने बेटे और पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसकी पत्नी के कपड़े तक फाड़ दिए गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर वह दोबारा गोदाम के पास आया तो

**पीड़ित ने एसपी से लगायी फरियाद**

जान से मार दिया जाएगा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। घटना के बाद पीड़ित थाना अमरोहा नगर पहुंचा और शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने आशंका जताई है कि उसके गोदाम में रखा करीब 9 लाख रुपये से अधिक का माल गायब किया जा सकता है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और गोदाम से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

## महिला ने घरेलु विवाद में खाया जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। एक महिला ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। पति ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार नगर के एक मौहल्ला निवासी महिला ने घरेलू विवाद के जहरीले पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो उसका पति और परिजन उसे लेकर रात में ही नगर के सीएचसी पहुंचे, जहां पर चिकिसक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने सीएचसी पहुंचकर महिला के पति से घटना की जानकारी ली।

# खलनायक बनी क्लाइंट, कोर्ट रूम में वकील का सिर फोड़ा

## न्यायालय में मची अफरा-तफरी, रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जिस वकील ने महिला के मुकदमे की लड़ी लड़ाई, उसी का उसने सिर फोड़ दिया। इस दुस्साहसिक घटना से न्यायालय में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही थी।

इंसाफ की उम्मीद में खड़ी रहने वाली अदालत की दहलीज आज खून से लाल हो गई। मामला किसी अपराधी का नहीं, बल्कि एक मुवक्किल और उसके रक्षक के बीच का है। कोर्ट रूम में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला ने अपने ही अधिवक्ता पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है महिला पुष्पा का मुंसिफी कोर्ट में मुकदमा चल रहा है।





अधिवक्ता ईश्वचंद महिला के केस की पैरवी कर रहे हैं। महिला का कोर्ट में एक मुकदमा चल रहा था। मंगलवार की दोपहर कोर्ट में सभी वकील अपने अपने केसों की पैरवी करने में लगे हुए थे। कोर्ट रुम में अधिवक्ता ईश्वचंद मौजूद थे। अचानक आरोपी महिला पुष्पा ने थैले में रखी रॉड निकालकर वकील के सर में मार दी। अधिवक्ता लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। आरोपी महिला को वकीलों ने पकड़ लिया। सूचना पर पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दुस्साहस से वकीलों में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने घायल अधिवक्ता को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा लिखने की तैयारी कर रही थी। मुंसिफी कोर्ट बार के अध्यक्ष नंदराम सिंह ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तत्काल लागू किया जाये।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म में 25 साल की सजा

## न्यायालय ने 60 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर मुख्य आरोपी मोहसिन को दोषी ठहराते हुए 25 साल की कैद व साठ हजार रूपये जुर्माने की सजा दी गई, जबकि अन्य तीन आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

मामला थाना गजरौला के एक गांव से संबंधित था। यहां एक किसान का परिवार रहता है। 25 अप्रैल 2022 को किसान की नाबालिग बेटी को गांव का ही रहने वाला मोहसिन

**साक्ष्य अभाव में तीन आरोपियों को किया बरी**

बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। घर से जाते समय किशोरी अपने साथ सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला था, जिसके बाद किशोरी के पिता ने मोहसिन, उसके भाई नईम तथा रिश्तेदार मेहराज के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट में पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में रेप, पॉक्सो एक्ट और जान से मारने की धमकी से जुड़ी धाराओं की बढ़ोत्तरी की थी। पुलिस ने मोहसिन के साथ नईम, मेहाराज और नदीम के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी हालांकि बाद में सभी आरोपी जमानत पर रिहा हो गए थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। सोमवार को कोर्ट ने मुकदमे में अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन, साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर मोहसिन को दोषी करार दिया। 25 साल कैद की सजा सुनाई तथा 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं, नईम, मेहराज और नदीम को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पूरनपुर निवासी शिवम पुत्र लाल सिंह सोमवार को चांदपुर क्षेत्र के गांव गंगेर में अपनी मौसेरी बहन शिवानी की शादी में शामिल होने जा रहा था। रास्ते में शवदुल्लापुर-दतिया मार्ग पर चांदपुर रोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने उपचार के लिए चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार कराया गया है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

### प्रदूषण फैलानी वाली फैक्ट्रियों पर कार्रवाई हो



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ करवाई किए जाने और शुद्ध पानी की व्यवस्था की मांग को कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन किया। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदूषित पानी की बोतले हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट मे नारेबाजी की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में डीएम नितिन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि पिछले काफी समय से गजरौला क्षेत्र की अधोगिक इकाइयों द्वारा विषैला कचरा, प्रदूषित पानी एवं धुएं के कारण पर्यावरण व भूजल पूरी तरह जहरीला हो गया है। प्रदर्शन करने वालों में ओमप्रकाश सिंह, सीपी सिंह, अरुण सिद्धू, तेजपाल, अहसान अली, सुरजीत, अजय आदि शामिल रहे।

### ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संघ के जिलाध्यक्ष बने उधम

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। ढयोटी ग्राम प्रधान उधम सिंह को ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर नई जिम्मेदारी दी। उनके मनोनयन पर समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई। संगठन की ओर से बताया गया कि उधम सिंह को सामाजिक, संगठनात्मक और जनहित के कार्यों में सक्रिय योगदान तथा निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। लंबे समय से वह ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

### किसान को खेत पर सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सैदनगली थाना क्षेत्र के इशापुर शर्की गांव में मंगलवार दोपहर खेत में काम कर रहे एक किसान को जहरीले सांप ने डस लिया। किसान रामपाल की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसके चलते उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। गांव इशापुर शर्की निवासी किसान रामपाल मंगलवार दोपहर अपने खेत में गन्ने का कूड़ा (सूखी पत्तियां) निकाल रहे थे। इसी दौरान उनके पैर में किसी चीज के काटने का अहसास हुआ। जब रामपाल ने मुड़कर देखा तो वहां एक बड़ा सांप मौजूद था। सर्पदंश का पता चलते ही उन्होंने तुरंत फोन कर परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर पीड़ित रामपाल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।


# ट्रक पर गिरा बिजली पोल, बड़ा हादसा टला

## लटकते तार ट्रक में उलझने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शहर में बिजली के नीचे लटकते तारों की लापरवाही एक बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। सड़क पर ऊंचाई से काफी नीचे लटक रहे केबल में एक चलता हुआ ट्रक उलझ गया। खिंचाव इतना जबरदस्त था कि सड़क किनारे लगा बिजली का भारी-भरकम खंभा उखड़कर सीधे ट्रक के ऊपर जा गिरा। खंभा गिरते ही आस पास में अफरा-तफरी मच गई।

गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई राहगीर खंभे की जद में नहीं आया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित किया। सूचना के बाद बिजली विभाग की टीम भी हरकत में आई। विभाग ने तुरंत क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काटी और गिरे हुए खंभे को हटाकर नया खंभा लगाने



का कार्य शुरू किया। स्थानीय निवासियों ने विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद झूलते तारों को ठीक नहीं किया गया था।

# ड्यूटी में लापरवाही पर सिपाही निलम्बित

## एसपी की कार्रवाई से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। गजरौला महिला थाने में तैनात सिपाही चालक को ड्यूटी के दौरान लापरवाही व वीडियो वायरल होने के आरोप में एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

गजरौला महिला थाने में तैनात सिपाही चालक ऋतिकेश को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि श्रमिकों के आंदोलन की आशंका के चलते जहां पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश थे, वहीं सिपाही चालक ड्यूटी के दौरान एक फैक्ट्री परिसर में आराम करता मिला। इतना ही नहीं, इस दौरान उसका वीडियो भी बना लिया गया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद विभाग ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही माना। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई कर दी। पूरे मामले में विभागीय जांच के भी आदेश दे दिए गए हैं।

# पराई औरत के चक्कर में बीच सड़क पर पति को कूटा

## दोनों पक्ष पहुंचे कोतवाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कहते हैं कि इश्क और जंग में सब जायज है। लेकिन जब इश्क पराई स्त्री से हो और सामने नाराज पत्नी आ जाये तो सिर्फ पिटाई जायज होती है। ऐसा ही कुछ नजारा देखने कोतवाली के बाहर देखने को मिला है। कोतवाली के बाहर, जहाँ एक रंगीनमिजाज पति की उसकी पत्नी और मायके वालों ने मिलकर सरेआम सर्विस कर दी। 6 साल पहले बड़े अरमानों के साथ हसनपुर कोतवाली के एक गांव की युवती की शादी नजदीक के गांव के युवक के साथ हुई थी। पति महाशय का मन घर में नहीं, बल्कि कहीं और ही भटक रहा है। जैसे ही पत्नी को पति के बाहरी प्रेम की भनक लगी, उसने सबक सिखाने की ठान ली। इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई थी।घ्कोतवाली के बाहर जब पत्नी और ससुराल वालों ने घेरकर पति पर लात-घूसों की बारिश शुरू की, तो पतिदेव के होश उड़ गये। खुद को पिटता देख और चारों तरफ से घिरा पाकर, शातिर पति ने पास ही खड़ी बाइक को फेंककर फिल्मी स्टाइल में चकमा देकर मौके से नौ दो ग्यारह हो गया। बाद में एक बार फिर पति मौके पर पहुंच गया। उसके बाद दोनों पक्ष अपनी-अपनी सफाई देने के लिए कोतवाली पहुंच गये। इस खतरनाक व दिलचस्प ड्रामे को देखने के लिए काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई।

# खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

## जयकारों से गूंजा मन्दिर परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर में सोमवार रात श्री खाटू श्याम मित्र मंडल मंडी धनौरा के तत्वावधान में मोहिनी एकादशी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा की 336वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर विधि-विधान से श्रृंगार किया गया।

भजन संध्या में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। भजन गायक दीपक शर्मा ने हम हाथ उठाकर कहते हैं, हम हो गए खाटू वाले के भजन प्रस्तुत किया। वहीं कृष वर्मा ने लेके हाथों में निशान करते बाबा का गुणगान खाटू जाएंगे सुनाकर माहौल भक्तिमय बना दिया।अर्पित कौशिक ने मेरी अर्जी पे गौर करो ना, देव शर्मा ने बार-बार मैं तुम्हें पुकारूं सुन लो लखदातार, शौर्य मित्तल ने क्यूं हारे हैं, श्याम के रहते क्यूं हारे और गोलू सांवरिया ने राधे-राधे बोल, श्याम आएंगे भजन सुनाए। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नाचते नजर आए।



मंदिर परिसर श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा भी लगाया। द्वादशी के अवसर पर बाबा को खीर, चूरमा, केले, पेड़े, बिस्किट और हलवे का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मनोज, मोहित, प्रीति, सर्वेश शर्मा, सुमन, शनि शर्मा, पूनम, हर्ष पांडे, सचिन, सनोज, रोहन, विशाल, हर्ष, सौरभ, विशाल शर्मा और सुनील समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गला दबाकर की गयी थी किशोरी की हत्या

## पीएम रिपोर्ट ने खोला हत्या का राज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। गांव बीलना में किशोरी की संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में तब्दील हो गया है। पहले जहां परिजनों ने आत्महत्या की बात कही थी, वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव बीलना में राजमिस्त्री मुनाजिर का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे हैं जबकि एक 14 वर्षीय बेटी आफरीन उर्फ मंतशा थी। सोमवार सुबह में लगभग दस बजे आफरीन का शव घर में ही कमरे में फंदे पर लटका मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने उस वक्त बताया था कि पड़ोसी शाहबुद्दीन के परिवार से विवाद होने के बाद उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। लेकिन सोमवार शाम को मुनाजिर ने शहाबुद्दीन के बेटे जैद के खिलाफ गला घोंटकर हत्या किए जाने के आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी। शिकायत के मुताबिक जैद उसकी बेटी को 26 अप्रैल को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था। तलाश करने के दौरान वह जैद के पास बंधक मिली थी।

**आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

तब मामले को गांव के लोगों ने पंचायत में निपटा दिया था। सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका को सुपुर्द खाक कर दिया था। उधर, मंगलवार को किशोरी की पोस्टमार्टम ने पुलिस को चौंका दिया। जिसके मुताबिक किशोरी ने आत्महत्या नहीं की की बल्कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। वहीं, घटना के बाद से गांव में तनाव का भी माहौल है। वहीं पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुटी है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी जैद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं, पूरे प्रकरण की गहराई तक जाने के लिए पुलिस अब आरोपी और मृतका के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है।

# चुनाव होने तक प्रधानों का कार्यकाल बढ़े

## ग्रामीण सत्ता पंचायती राज ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव में देरी होने पर ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने की मांग को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट मे सौंपा।

मंगलवार को ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम नितिन गौड़ को सौंपा। जिसमे कहा गया है कि प्रदेश की विस्तरीय पंचायत व्यवस्था ग्रामीण प्रशासन विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा स्थानीय जन सरकारों के समाधान का सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक आधार है। वर्तमान ग्राम प्रधान, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल तब तक के लिए यथावत बनाया जाए जब तक कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि कार्यभार ग्रहण ना का कर ले। कार्यकाल विस्तार की यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से की जाए। जिससे कामकाज प्रभावित ना हो। वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों को सीमित प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार प्रदान किया जाए। जिससे केवल जनगणना कार्य, समन्वय एवं पूर्व स्वीकृत विकास कार्यों का संचालन कर सके। ज्ञापन सौंपने वालों मे ब्लॉक अध्यक्ष उद्यम सिंह, राजपाल सिंह,नितिन यादव, मुनेश, यूसुफ, अनुज, धर्मवीर, कुलवीर, फारुख, ताराचंद व तेजपाल शामिल रहे।

# जमीनी विवाद में चचेरे भाई बहन में खूनी संघर्ष

## युवती समेत दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र के गांव डींगरा में जमीन के विवाद को लेकर मंगलवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि चचेरे भाई ने युवती के सिर पर फावड़े से हमला कर दिया। जवाब में दूसरे पक्ष की ओर से भी हमला किया गया। घटना में युवती समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव डींगरा निवासी संतोष सैनी की पुत्री चूनी सैनी और उनके ताऊ के बेटे मोनू सैनी के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। मंगलवार को दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि गुस्से में आकर मोनू सैनी ने पास में पड़े फावड़े से चूनी सैनी के सिर पर वार कर दिया। सिर में चोट लगने से युवती लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। वहीं दूसरे पक्ष से भी फावड़े से हमला किया गया, जिसमें मोनू सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को अलग कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों घायलों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अफगानान में अवारा कुत्तों का आतंक

## बच्चों व बुजुर्गो पर हमले से दहशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला अफगानान में इन दिनों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी डर के साये में गुजर रही है। वजह है आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, जिसने पूरे इलाके की रफ्तार ही थाम दी है। हालात ऐसे हो चुके हैं कि अब बच्चों की खिलखिलाहट और बुजुर्गों की सैर, दोनों ही सिमटकर घरों की चारदीवारी में कैद हो गए हैं।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जैसे ही कोई बच्चा या बुजुर्ग घर से बाहर कदम रखता है, कुत्तों के झुंड उसके पीछे दौड़ पड़ते हैं। कई बार तो लोग किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल होते हैं। डर का आलम यह है कि अभिभावक अब अपने बच्चों को अकेले स्कूल तक नहीं भेज पा रहे, बल्कि खुद साथ लेकर जाना उनकी मजबूरी बन गई है। शाम ढलते ही यह डर और गहरा जाता है। अंधेरा होते ही गलियों में कुत्तों के झुंड सक्रिय हो जाते हैं और राहगीरों को घेरने लगते हैं। बुजुर्गों ने तो अब अकेले बाहर निकलना लगभग बंद ही कर दिया है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। इस बढ़ती परेशानी को लेकर मोहल्लावासियों ने नगर पालिका परिषद अमरोहा के उप नगर आयुक्त को लिखित शिकायत देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि पहले भी कई बार इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।स्थानीय लोगों की मांग साफ हैख्इलाके में जल्द से जल्द कुत्तों को पकड़ने वाली टीम भेजी जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि अफगानान मोहल्ले में फिर से सामान्य जीवन लौट सके और लोग बिना डर के अपने घरों से बाहर निकल सकें।

# सिलेंडर से भड़की आग में तीन महिलाएं झुलसी

## गैस पाइप निकलने से हुआ हादसा, मातम में बदलीं लग्न की खुशियां





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र मे खुशियों के घर में मातम का साया उठ गया। लग्न कार्यक्रम के दौरान गैस पाइप निकलने से लगी भीषण आग से तीन महिलाएं और मासूम बच्ची गंभीर रूप से झुलस गये।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव खेलिया खालसा गांव में उस वक्त चीख-पुकार मच गई। जब एक मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां अचानक हादसे में तब्दील हो गईं। सोमवार को शोभित के घर लग्न का कार्यक्रम बेहद उत्साह के साथ संपन्न हुआ था। लेकिन मंगलवार दोपहर रसोई में खाना बनाते समय हुए एक हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। महिलाएं मेहमानों के लिए खाना तैयार कर रही थीं। तभी अचानक गैस सिलेंडर का पाइप निकल गया। गैस रिसाव के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां काम कर रही उर्मिला, भुवनेश देवी, राजवती और नन्हीं तनु इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गईं। आनन-फानन में परिजनों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इस घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है और हर कोई घायलों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गन्ने के खेत में जंगली बिल्ली का शव मिलने से हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा कलां में गन्ने के खेत में जंगली बिल्ली का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, जबकि मौत के कारणों को लेकर स्थिति अभी संदिग्ध बनी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा कलां में गन्ने के खेत में जंगली बिल्ली का शव मिला है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने जंगली बिल्ली के शव को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शावक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। वन विभाग की टीम आसपास के क्षेत्र में भी सतर्कता बरत रही है और मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# पीएम मोदी आज करेंगे गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन

## गांव मंगरौला में होगा भव्य कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रदेश के विकास को एक नई गति देते हुए, देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक, गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामय उपस्थिति में करने जा रहे हैं। जनता का लंबा इंतजार अब खत्म होने वाला है। इस ऐतिहासिक अवसर को खास बनाने के लिए अमरोहा के गांव मंगरोला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहाँ प्रभारी मंत्री केपी मलिक और सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर उद्घाटन समारोह की कमान संभालेंगे। गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण मेरठ से लेकर प्रयागराज (इलाहाबाद) तक किया गया है। यह एक्सप्रेसवे न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी उत्तर प्रदेश से सीधे जोड़ेगा, बल्कि व्यापार और पर्यटन के नए द्वार भी खोलेगा। अभी तक मेरठ से प्रयागराज की दूरी तय करने में यात्रियों को 10 से 12 घंटे का समय लगता था। लेकिन इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से यह सफर मात्र 6 से 7 घंटे में पूरा हो सकेगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह सिक्स-लेन (जिसे आठ लेन तक विस्तार दिया जा सकता है) एक्सप्रेसवे आम जनता के लिए समय की बचत और सुरक्षित यात्रा का नया मानक बनेगा। यूपी के बुनियादी ढांचे में यह मील का पत्थर साबित होगा।

# गन्ना समिति की जमीन पर कब्जे का आरोप

## भाकियू ने उठायी पैमाइश की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (असली) ने सहकारी गन्ना विकास समिति धनौरा के नए भवन निर्माण को लेकर सवाल खड़े किए हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसडीएम शैलेश कुमार दुबे को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि समिति का निर्माण बैनामे में दर्ज जमीन के अनुसार नहीं कराया जा रहा है।

भाकियू (असली) के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने बताया कि अमरोहा-धनौरा मार्ग स्थित गन्ना विकास समिति की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उनका कहना है कि मौके पर जमीन का रकबा बैनामे से कम मिल रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य शुरू करने से पहले राजस्व विभाग से जमीन की पैमाइश कराई जाए। जसपाल उर्फ सोनू गिल ने कहा कि जब तक समिति की पूरी जमीन कब्जा मुक्त नहीं हो जाती, तब तक वहां किसी प्रकार का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर बैनामे में दर्ज क्षेत्रफल के अनुसार ही बाउंड्री वॉल और भवन निर्माण कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान डूंगर सिंह, जयपाल सिंह, नन्हे सिद्धू, देशराज पालनपुर, नरेश कुमार, खचेडू सिंह, जगदीश यादव, अनवर अली, प्रदीप कुमार, अनुज यादव, जबर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, खेमपाल सिंह, सतपाल सिंह, मनोज त्यागी, महीपाल सिंह, समरपाल सिंह, जयदेव सिंह, टीकम सिंह, भूरे सिंह और श्यामबली यादव समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# समस्याओं के समाधान को एसडीएम को दिया ज्ञापन

## तीन मई तक मांगें पूरी न हुई तो होगा आंदोलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे को ज्ञापन सौंपा। जिला मीडिया प्रभारी फूलवंश सिंह के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 3 मई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 4 मई को तहसील परिसर में महापंचायत कर चक्का जाम किया जाएगा।

ज्ञापन में किसानों ने छह सूत्रीय मांगें उठाईं। किसानों का कहना है कि जिला सहकारी बैंक किसानों से सात प्रतिशत ब्याज वसूल रहा है, जबकि पिछले वर्ष की सब्सिडी अभी तक खातों में नहीं पहुंची है। निजी स्कूलों पर अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कराने की मांग की गई। किसानों ने गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन का सर्किल रेट कम होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने प्रशासन से किसानों के साथ वार्ता कर सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार और बिजली विभाग की मनमानी पर रोक लगाने के लिए उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कराने की मांग रखी गई। गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर जिला गन्ना अधिकारी अमरोहा के साथ वार्ता का समय तय कराने की भी मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि तय समय तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सोवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी बचन सिंह, जिला प्रभारी चौधरी जयपाल सिंह, मयंक धारीवाल, राजवीर सिंह धारीवाल, नरोत्तम सिंह, मोहित सिद्धू, राजीव राठी, अमन कुमार, साजिद अली और तरुण शर्मा समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जुबिलेंट में दो अफसरों के घर में चोरी

## लाखों की कीमत के आभूषण चोरी करके ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हाईवे स्थित एक औद्योगिक इकाई में गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रबन्धक सहित दो घरों का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रूपये की कीमत के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय घर पर ताला लगा था और गृहस्वामी परिवार सहित अपने गाँव गए हुए थे। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बता दें कि हाइवे पर एक जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड कम्पनी स्थित है। यहाँ पर इकाई के अधिकारियों के लिए कम्पनी परिसर में ही आवासीय कालोनी है। यहाँ पर गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रबन्धक के रूप में कार्यरत

### घटना के समय गांव गए थे परिवार के लोग

देश दीपक मिश्रा का बी-12/3 क्रमांक का आवास है। 24 अप्रैल को देश दीपक मिश्रा अपने परिवार के साथ अपने गाँव बसोहन बगिया (जनपद इटावा) में गए थे। 27 अप्रैल को जब वे वापस लौटे तो उनके आवास का ताला टूटा हुआ था और घर में रखे सोने की 04 चूड़ियां, 02 कंगन, 02 गले के सेट, 01 गले की चौन, 01 डायमंड रिंग सहित 03 रिंग, 01 टीका, 01 जोड़ी कुण्डल, 01 मंगलसूत्र, चांदी के 01 गिलास, कटोरी, चम्मच, कम्पनी द्वारा प्रदत्त अवार्ड, चांदी के सिक्के, गणेश लक्ष्मी की मूर्ति आदि चोरी कर लिया। देश दीपक मिश्रा के अनुसार उन्हें 40 लाख रूपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इन्हीं के पड़ोस में सी-09/03 आवास में रहने वाले कम्पनी अधिकारी योगेश यादव के घर में चोर घुसे और यहाँ से 02 अंगूठी और 11 हजार की नकदी चोरी कर ली। वहीं बताते हैं कि इन दो घरों के अलावा भी चार और घरों में चोरी हुयी है, लेकिन इनके गृहस्वामी अभी बाहर गए हैं, जब लौटकर आएंगे तब उनके घरों में हुए नुकसान की जानकारी मिल पायेगी। उधर पुलिस ने देश दीपक मिश्रा की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# महिलाओं ने फूंका कांग्रेस और सपा का पुतला




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम में सहयोग न देने पर महिलाओं ने आक्रोश जाहिर करते हुए विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली और इंदिरा चौक पर कांग्रेस और सपा का पुतला फूंककर विरोध जताया। रैली में महिलाओं ने भाग लेते हुए अपने अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। मंगलवार को नगर के बस्ती से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई इंदिरा चौक तक पहुंची। रैली के समापन पर विधायक राजीव तरारा ने कहा किए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का जो प्रयास किया गया। इस मौके पर सत्यपाल पाल, देवेश शर्मा, ब्रजेश अग्रवाल, वैभव गोयल, सतवीर सिंह, दीपाली गंगवार, मनु शर्मा, अंजू जाटव, पूनम यादव, प्रियंका शर्मा, सपना प्रजापति, माया सरिता, मनमोहन सेन, संजय सिंह गौर, डॉ.दीपक गंगवार, सोनू कश्यप मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर की जगह लगें पुराने मीटर

## जोया की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिलाओं ने स्मार्ट मीटर हटवाकर पुराने मीटर लगाने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को जोया के मोहल्ला चौकीदारान की महिलाओं डीएम नितिन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि उनके घरों में स्मार्ट मीटर को हटवाकर पुराने मीटर लगवाए जाए। क्योंकि स्मार्ट मीटर में कम बैलेंस होने पर बिना पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति काट दी जाती है। जिससे लोगो को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ता है और बच्चों की पढ़ाई व दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उनके घर पर पुराना मीटर लगा हुआ था और बिल भी सही आता था। स्मार्ट मीटर को हटवाकर उसकी जगह पुराने मीटर लगाए जाए। जिस से लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो और बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो। ज्ञापन सौंपने वालों मे सोनम, सावित्री, पूनम, राजेंद्री, पायल, स्वाति, अनीता, नीतू, साक्षी शामिल रही।

# महिला पर अवारा कुत्ते ने किया हमला

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के गांव कलाली में मंगलवार सुबह खेत पर गन्ना बुवाई करने जा रही एक महिला पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह महिला को बचाया और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। गांव कलाली निवासी राजेंदरी देवी पत्नी राजू मंगलवार सुबह करीब आठ बजे परिवार के साथ खेत पर गन्ना बोने जा रही थीं। बताया गया कि खेत के पास पहले से बैठे एक आवारा कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने महिला को जमीन पर गिराकर चेहरे और पैर पर कई जगह काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गईं।

# खेतान स्कूल की प्रधानाचार्या 'शिक्षाप्रेरक' पुरस्कार से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के खेतान वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या मानसी शर्मा को 'शिक्षाप्रेरक' सम्मान से विभूषित किया गया। नई दिल्ली के रोहिणी स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्या को यह उपलब्धि मिली। उनको मिली इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार प्रफुल्लित है।

हाल ही में 25 अप्रैल को नई दिल्ली के रोहिणी में स्थित होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित समारोह में मानसी शर्मा को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। बता दें कि जीएसएलसी अकादमी एलीट

### प्रबंधक सर्वेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर जताया हर्ष

पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित करने के लिए जाना जाता है। यह मंच देशभर के शिक्षकों और शिक्षा विशेषज्ञों को एक साथ लाकर उनके सराहनीय कार्यों को पहचान देने का कार्य करता है। खेतान वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या मानसी शर्मा को यह सम्मान उनके प्रेरणादायक नेतृत्व, शिक्षा के प्रति समर्पण तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में बच्चों का शैक्षिक और सर्वांगीण विकास हुआ है। इस कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से शिक्षाविद उपस्थित रहे। प्रबंधक सर्वेन्द्र सिंह ने प्रधानाचार्या मानसी शर्मा को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिये गर्व का विषय बताया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**हसनपुर।** तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार को अमरोहा बस अड्डे के समीप उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार मोनू पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम करनपुर माफी युवक सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# माल ढुलाई बढ़ाकर रेलवे की आमदनी बढ़ायें रेल अधिकारी

## रेल मंडल परिचालन प्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** रेल मंडल परिचालन प्रबंधक सैफ उल्ला खां ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन का जायजा लेते हुए रेलवे की आमदनी बढ़ाने के लिए औद्योगिक इकाइयों से संपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए। वे स्वयं भी जुबिलेंट कम्पनी में पहुंचे और कंपनी अधिकारियों से बात की। मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर पहुंचे रेल मंडल परिचालन प्रबंधक सैफ उल्ला खां ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। स्टेशन अधीक्षक देवेंद्र सिंह से जानकारी ली कि स्टेशन की मासिक आमदनी कितनी है। उन्होंने निर्देश दिए औद्योगिक इकाइयों से संपर्क करें। उनका माल ढुलाई ट्रेन से कराने को कहें। जरूरत पड़ने पर और मालगाड़ियों में और भी डिब्बे लगाए जाएं। जिले के चीनी मिलों से भी संपर्क साधने को कहा। उन्होंने कहा कि ट्रेन से माल ढुलाई होने पर रेलवे की आमदनी बढ़ेगी। स्टेशन पर निरीक्षण करने के बाद वे हाईवे स्थित जुबिलेंट कंपनी में भी पहुंचे और यहां के अधिकारियों से भी बातचीत करके ज्यादा से ज्यादा माल रेलवे के माध्यम से ढुलाई कर कर मंगवाने का आह्वान किया।

# भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बागड़पुर कला गांव में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी नदीम हुसैन ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर इस पर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, गांव की सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर कुछ व्यक्तियों ने जबरन कब्जा कर लिया है। यह भूमि पहले सामुदायिक कार्यों और ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए इस्तेमाल होती थी। नदीम हुसैन ने बताया कि इस अवैध कब्जे के कारण ग्रामीणों को आवागमन सहित कई आवश्यक कार्यों में परेशानी हो रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस संबंध में पहले भी अधिकारियों को मौखिक रूप से अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में राहुल, सिद्धू, मोनिस और पाशा को प्रत्यक्षदर्शी गवाह बताया गया है। इन गवाहों ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने भूमि पर हो रहे कब्जे को देखा है और आवश्यकता पड़ने पर गवाही देने की बात कही है। लिखित शिकायत में प्रशासन से मौके पर जांच कराने, ग्राम समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। जिलाधिकारी नितिन गोड़ ने मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर ग्राम समाज की भूमि को पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराएगा।

## महिला ने एसपी से शिकायत कर जांच की मांग की

# अपराधिक इतिहास छिपा पाई सिपाही की नौकरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** युवक पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है। जो सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव की एक महिला ने अमरोहा एसपी को इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें आरोप है कि एक पुलिस कर्मी ने अपने आपराधिक मामलों को छिपाकर नौकरी हासिल की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, बेहड़ा निवासी युवक अमरोहा जनपद में पुलिस विभाग में है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि युवक के खिलाफ सहारनपुर जिले के थाना गंगोह में पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2024 का एक गंभीर धाराओं वाला मामला भी शामिल है। आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान युवक ने अपने आपराधिक इतिहास को छिपाया। इसके साथ ही, सत्यापन प्रक्रिया में भी बड़ी चूक हुई। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि पुलिस सत्यापन सही ढंग से किया जाता, तो आरोपी को नौकरी नहीं मिल पाती। शिकायतकर्ता ने स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के कारण रिपोर्ट को सही तरीके से प्रस्तुत न करने का भी आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही, दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त करने और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग उठाई गई है।

# युवक पर झूंठे मामले में फंसाने काआरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एक व्यक्ति ने दूसरे पक्ष पर झूठे मुकदमे में फंसाने और अपनी छवि खराब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (एसपी) से निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

थाना अमरोहा नगर क्षेत्र के मोहल्ला लकड़ा निवासी फुरकान पुत्र शमीम अहमद ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका विवाद एक युवक से पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहा है। यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। फुरकान का आरोप है कि इंतजार उन्हें झूठे मारपीट और गाली-गलौज के आरोपों में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। उसने यह भी बताया कि आरोपी द्वारा इससे पहले भी कई बार झूठे प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, जिनकी पुलिस जांच कर चुकी है। फुरकान ने विपक्षी पर मीडिया के माध्यम से उनकी छवि खराब करने और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का भी आरोप लगाया है। फुरकान ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, दोषी व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# रामगंगा में नहाने के दौरान छह युवक डूबे

■ गुड़गांव के युवक समेत दो की मौत, चार को बचाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम कूप में रामगंगा नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। एक साथ छह लोग गहरे पानी में समा गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की तत्परता से पांच लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक युवक लापता हो गया था।घायलों में नन्हे पुत्र श्यामलाल केवट को गंभीर हालत में राजश्री मेडिकल कॉलेज, बरेली भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं लक्की, करण, संदीप और कल्लू को सुरक्षित बचा लिया गया।

लापता युवक की पहचान मुन्ना पुत्र मदनलाल निवासी गुड़गांव मुस्तकिल थाना सिरौली, जिला बरेली के रूप में हुई, जो अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने ग्राम कूप आया था। घटना स्थल पर इन दिनों बांध निर्माण के लिए मशीनों से खुदाई चल रही है, जिससे नदी का पानी करीब 50 फीट तक गहरा हो गया है।

यही वजह रेस्क्यू ऑपरेशन में सबसे बड़ी चुनौती बनी रही। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन के साथ पीएसी मुरादाबाद की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने मुन्ना का शव बरामद कर लिया।पुलिस ने दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है।

# आग में घायल हुए एक और किशोर ने दम तोड़ा

■ गैस रिफिलिंग करते वर्कशॉप में लगी थी आग, मृतकों की संख्या हुई चार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 10 दिनों तक जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा फरमान भी जिन्दगी की जंग हार गया, सुबह 3 बजे फरमान ने आखिरी सांस ली।



बरखन रोड पर श्मशान भूमि के पास एसके (श्याम मोटर वर्कशॉप) है, जिसमें दस दिन पहले 18 अप्रैल की रात करीब 8 बजे एक ईको कार के सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करते समय आग लग गई थी, जिसमें ईको की टंकी उठाने के लिए बुलाए गए कई किशोर गम्भीर रूप से झुलस गए थे। सभी घायलों को तत्काल ही महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सबसे पहले 13 वर्षीय अजीत उसके बाद 14 वर्षीय अर्सिल फिर 13 वर्षीय साहिल रजा के निधन हो गया था, आज सुबह 3 बजे ईंधजागीर की बस्ती यासीन नगर के रहने वाले बाबू के 14 वर्षीय पुत्र मो0 फरमान ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

मो0 फरमान कक्षा 9 का छात्र था और कस्बे के ही एक निजी विद्यालय में पढ़ रहा था। बाबू के चार पुत्रों में फरमान सबसे छोटा था। उनके 5 पुत्रियां हैं। बताया जाता है कि वर्कशॉप के संचालक एसके बाबू के पिता महावीर का भी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि उसका पुत्र वर्कशॉप संचालक एसके बाबू घर पर ताला लगाकर फरार बताया जा रहा है। मृतक छात्र मो0 फरमान के पिता बाबू ने एक सप्ताह पहले 21 अप्रैल को कोतवाली में एसके बाबू, उसके पिता महावीर और ईको स्वामी गरगईया के रजा हुसैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 352, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में वर्कशॉप संचालक एसके बाबू, पिता महावीर के साथ ही ईको मालिक रजा हुसैन पर वाहन की टंकी उठवाए जाने के लिए सभी किशोरों को बुलाए जाने का आरोप लगाया था। अवैध रूप से संचालित किए जा रहे गैस रिफिलिंग के मामले में एक नहीं चार-चार किशोरों की मौत हो चुकी है, लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर सकी है। इतना ही नहीं पुलिस ने किसी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है, पुलिस की इस कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम
जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547
8077380691

# बरेली में मेधावी छात्राओं का सम्मान टॉपर्स को मिली ई-स्कूटी

■ ऑपरेशन 'उड़नपरी' के तहत हाईस्कूल व इंटर की 10 टॉपर बेटियों को स्कूटी व मेडल देकर किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं के सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ई-स्कूटी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरुण कुमार, महापौर डॉ0 उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विधायक बिथरी चौनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा तथा विधायक नवाबगंज डॉ0 एमपी आर्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनपद बरेली के आंवला क्षेत्र स्थित सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज की छात्राओं ने इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल में रश्मि ने 6वां स्थान, रजनी सिंह व शिवानी ने 8वां तथा गुलशन यादव व वैष्णवी गुप्ता ने 10वां स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में नंदिनी गुप्ता ने प्रदेश में द्वितीय, सुरभि यादव तृतीय, खुशी मौर्य व सिमरन मौर्य ने 6वां तथा चमन जहां ने 7वां स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मंत्री ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। महापौर ने टॉपर छात्राओं को इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति देने की घोषणा की, साथ ही ऑनलाइन कोर्स हेतु आर्थिक सहायता का आश्वासन भी दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि छात्राओं ने अपने परिवार, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी बेटियों की सफलता को गर्व का विषय बताते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा 'ऑपरेशन उड़नपरी' के तहत नवाचार करते हुए हाईस्कूल और इंटर की 10 टॉप छात्राओं को ई-स्कूटी व हेलमेट प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह सहित छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित थे।

# कुल शरीफ की रस्म के साथ दो रोजा उर्स-ए-शाहिदी सम्पन्न, उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

■ बहेड़ी की खानकाह में देर रात तक चला जलसा, उलेमा की तकरीरें और नातिया कलाम से गूंजी महफिल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम में आयोजित हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह का दो रोजा उर्स-ए-शाहिदी कुल शरीफ की रस्म के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके पर अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे परिसर में रूहानी माहौल बना रहा।

उर्स के दौरान बीती रात भव्य जलसा आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि मौलाना गुलाम मुस्तफा नईमी (मुरादाबाद) ने मुसलमानों को सादात-ए-इकराम का एहतराम करने और अहले सुन्नत व जमाअत पर कायम रहने की नसीहत दी। मौलाना मुफ्ती शारिफ मिस्बाही और मौलाना जाहिद रजा (बरेली शरीफ) ने भी तकरीर करते हुए मसलक-ए-आला हजरत और अहले बैत से मोहब्बत का पैगाम दिया। महफिल में शायर अकील सिद्दीकी, राशिद रजा मरकजी और गुलफाम हस्सानी ने नातिया कलाम पेश कर समा बांध दिया। नबीरे आला हजरत मौलाना कारी तसलीम रजा खान ने खुसूसी दुआ कराई। जलसा देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। उर्स के दूसरे दिन फज्र की नमाज के बाद दरगाह शरीफ पर कुरानख्वानी, नात व मनकबत और उलेमा की तकरीरें हुईं। कुल शरीफ की रस्म के दौरान लोगों ने अपने पीरो-मुर्शिद को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए मुल्क में अमन-ओ-अमान की दुआ मांगी। सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां ने खुसूसी दुआ कराई।

कार्यक्रम के दौरान "मसलक-ए-आला हजरत जिंदाबाद" और "उर्स-ए-शाहिदी जिंदाबाद" के नारों से फिजा गूंज उठी। जायरीन के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स के सफल आयोजन में मौलाना खलीक शाहिदी, मुमताज शाहिदी, अली आजम सहित अन्य लोगों ने व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा और एलआईयू समेत सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी करती रहीं। उर्स के समापन पर उलेमा-ए-इकराम ने प्रशासन और मीडिया का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

# डीजल लेने जा रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर निवासी एक बुजुर्ग को उस समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जब वह साइकिल से डीजल लेने पेट्रोल पंप जा रहा था। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।पीड़ित राजेश कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शाम करीब 4 के समय वह जय माता दी गैस गोदाम के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए।मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया। आरोपी ने घायल का इलाज कराने का भरोसा दिया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद मौका पाकर वह फरार हो गया।

# शीशगढ़ में निकली भाजपा की 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** कस्बे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण बिल पर विपक्षी दलों के रुख का विरोध करना बताया गया।

> महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष के रुख का विरोध, क्षेत्रीय विधायक रहे शामिल

पदयात्रा मंडल अध्यक्ष मुनीश शर्मा और रामौतार मौर्य के नेतृत्व में रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई। मुख्य बाजार से होते हुए यह होली चौराहे पर समाप्त हुई। इस दौरान प्रवेश देवल ने अपनी दुकान पर जलपान और नाश्ते की व्यवस्था की। पदयात्रा के दौरान मीरगंज के भाजपा विधायक डॉ. डीसी वर्मा सहित अन्य नेताओं ने अपने भाषण दिए। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने के लिए समा. जवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा ने इस पदयात्रा के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। पार्टी ने विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में मीरगंज के क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा, मंडल अध्यक्ष मुनीश शर्मा, महेंद्र हिंदू,युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर शिव कुमार सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, मुनीश गंगवार,त्रिमल सिंह राठौर,रामौतार मौर्य, वसीम अकरम, बबलू, मतीन अहमद ,विनोद देवल,दिनेश देवल,और ग्रामीण क्षेत्र की भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# पेड़ काटने के विवाद में दंपति पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव हल्दी खुर्द में पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में दंपति के साथ मारपीट में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतीश देवी पत्नी जितेंद्रपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 अप्रैल की दोपहर करीब दो बजे गांव के ही अमन पुत्र नरेंद्र सिंह और कांती देवी पत्नी नरेंद्र सिंह से पेड़ काटने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए सतीश देवी और उनके दिव्यांग पति जितेंद्रपाल सिंह के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं।पीड़िता के अनुसार शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# घर का ताला तोड़कर दो लाख पार, नामजद आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज। थाना** क्षेत्र के गांव कुल्छा खुर्द में 26 अप्रैल की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित वीरेंद्र कुमार मौर्य, जो कोका कोला कंपनी में कार्यरत हैं, ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल को उनकी पत्नी मायके चली गई थीं और वह स्वयं नाइट ड्यूटी पर कंपनी गए थे।27 अप्रैल की सुबह करीब आठ बजे जब वह घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर रखा बैग खंगाल दिया गया था और उसमें रखे करीब दो लाख रुपये चोरी हो चुके थे। पीड़ित के अनुसार यह रकम हाल ही में जमीन बिक्री से प्राप्त हुई थी।वीरेंद्र कुमार ने अपनी शिकायत में गांव के ही सोमपाल पर शक जताते हुए बताया कि कुछ दिन पहले उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोमपाल निवासी कुल्छा खुर्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**मीरगंज।** के एस जी इंटर कॉलेज में परीक्षा फल वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील प्रचारक नितिन उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चौकी इंचार्ज पंकज कुमार गौतम एवं कॉलेज के अध्यक्ष केतन गुप्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम में प्रबंधक रामपाल गुप्ता, उप प्रबंधक कृष्ण गुप्ता, सुबोध कुमार चौहान तथा प्रधानाचार्य निश्चल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान टॉप-टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिससे समाज और देश दोनों बदले जा सकते हैं।

# विधायक केसर सिंह गंगवार की पुण्यतिथि पर पहुंचे दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** क्षेत्र के विधायक रहे स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार की पांचवी पुण्यतिथि पर मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल समेत दिग्गज नेताओं ने यहां पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कस्बे के बाईपास स्थित अशर्फी बारात घर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने यहां पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार द्वारा किए गए कार्यों में याद किया।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, भाजपा के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष स्वाति कुमार, अर्बन कोआपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि रवि शंकर गंगवार, गन्ना समिति के सभापति निर्भय गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, भुजेंद्र गंगवार, सर्वेश गंगवार, अनुराग वर्मा, खेमकरन लाल के साथ ही श्रंद्धाजलि कार्यक्रम के आयोजक विशाल गंगवार, उनकी माता रश्मि गंगवार, उनकी पत्नी डॉक्टर पारुल गंगवार, सभासद रामप्रकाश गंग. वार, सोनू राठौर, विनोद गुप्ता, प्रशांत गुप्ता उर्फ लालू, मलखान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों ने स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महिला पद यात्रा में गूंजा जन आक्रोश

■ विपक्ष के खिलाफ महिलाओं का मार्च
■ भाजपा के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं ने निकाली पद यात्रा
■ केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में जन आक्रोश महिला पद यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन रश्मि जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष के खिलाफ एकजुट होकर मार्च निकाला।

पद यात्रा के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और विपक्षी दलों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। महिलाओं का आरोप था कि विपक्षी दलों ने वर्षों तक केवल वादे किए, लेकिन जमीनी स्तर पर महिलाओं के सम्मान और विकास के लिए ठोस काम नहीं किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि कांग्रेस और सपा के नेताओं ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने विपक्ष के प्रमुख नेताओं पर महिलाओं के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह महिलाओं के प्रति उनके रवैये को दर्शाता है। इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष कामाक्षी शर्मा, शकुंतला देवी, डॉ. अपर्णा मिश्रा, नमिता शर्मा, अमिता अरोड़ा, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अजय जायसवाल, कुंवर सेन मौर्य, राम आसरे कश्यप, शक्ति गुप्ता सहित मातृ शक्ति और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गॉड ऑफ ऑनर के साथ शहीद मनदीप सिंह को अंतिम विदाई



■ नम आंखों से परिजनों ने दी श्रद्धांजलि, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पंजाब के बठिंडा में तैनात 71 इंजीनियर रेजीमेंट के हवलदार शहीद मनदीप सिंह (39) का पार्थिव शरीर सोमवार दोपहर उनके पैतृक गांव गौरी खेड़ा गौटिया पहुंचा। जैसे ही शहीद का शव गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

बरेली जाट रेजीमेंट के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद को गॉड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान वातावरण "भारत माता की जय" और "शहीद मनदीप सिंह अमर रहें" के नारों से गूंज उठा। नम आंखों से पत्नी गगनदीप कौर, पुत्र अगमप्रीत और पुत्री गुरलीन ने अपने पिता को अंतिम श्रद्धांजलि दी। बताया गया कि हवलदार मनदीप सिंह काफी समय से पंजाब के बठिंडा में तैनात थे। दो दिन पूर्व अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें हार्ट अटैक आया। उन्हें तुरंत आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन बठिंडा के लिए रवाना हुए थे। पोस्टमार्टम के बाद सेना के जवान तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर ताबूत में लेकर गांव पहुंचे। अंतिम संस्कार से पूर्व सेना के अधिकारियों और जवानों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जाट रेजीमेंट और बठिंडा से आए जेसीओ सरदार अवतार सिंह ने शहीद के परिजनों को तिरंगा सौंपा।

अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया, जहां शहीद मनदीप सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। इस दौरान हर आंख नम थी और हर चेहरा गमगीन नजर आया। क्षेत्र के लोगों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

# मां की डांट से आहत किशोरी ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज में सोमवार को 12 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।बताया जा रहा है कि किशोरी का पिता दिल्ली में मजदूरी करता है।जबकि मां गांव में बच्चों के साथ रहती है। सोमवार को किसी बात को लेकर किशोरी का अपनी छोटी बहन से विवाद हो गया, जिस पर मां ने उसे डांट दिया। इसके बाद दोपहर में मां राशन लेने कोटे की दुकान चली गई।इसी दौरान घर में अकेली किशोरी ने टीन शेड के पाइप में फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। शाम करीब चार बजे जब मां घर लौटीं तो बेटी को फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल उसे नीचे उतारा और शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शुरुआती तौर पर परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस के समझाने पर वे मान गए। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि घटना के समय घर में केवल दोनों बहनें मौजूद थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है।और मामले की जांच की जा रही है।

# वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम-एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण

■ परसाखेड़ा स्थित वेयरहाउस में सुरक्षा, साफ-सफाई व अभिलेखों की जांच, अधिकारियों को सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने परसाखेड़ा स्थित वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभिलेखों के रखरखाव का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं।

इसके साथ ही वेयरहाउस में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की स्थिति एवं उनकी कार्यशीलता की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने नियमित रूप से निरीक्षण करते रहने और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छीना ड्रोन कैमरा

**क्योलडिया।** शादी समारोह में ड्रोन कैमरा उड़ाने का काम करने वाले युवक से बदमाशों ने ड्रोन कैमरा लूट लिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तहसील बीसलपुर निवासी आशीष कुमार पुत्र नारायण लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 27-28 की रात राजघाट पुल स्थित एक शादी हाल में अपने साथियों कपिल और शिवम के साथ ड्रोन कैमरा उड़ाने का काम करता है। रात करीब एक बजे काम खत्म कर वह मोटरसाइकिल से गांव बीसलपुर लौट रहा था आरोप है कि करुआ साहिबगंज के पास स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने उसका बैग छीन लिया, जिसमें करीब 35 हजार रुपये कीमत का ड्रोन कैमरा रखा था। छीना-झपटी के दौरान मोबाइल भी गिर गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### अध्यापक एवं मॉनिटर्स सम्मानित



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कक्षा में विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थित करने पर कक्षा अध्यापक साकिब शमी एवं कक्षा के दोनों क्लास मॉनिटर को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि यदि सभी विद्यार्थी कक्षा में नियमित उपस्थित होकर अपने पढ़ेंगे, तो निश्चित ही अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। प्रधानाचार्य ने कहा कि कक्षा की साफ–सफाई तथा कक्षा के भीतर अनुशासन में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए कक्षा के मॉनिटर्स को नियमित रूप से इसी प्रकार सम्मानित किया जाता रहेगा। इससे एक ओर विद्यार्थियों में अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के गुण का विकास होगा दूसरी ओर अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वाणिज्य विषय के अध्यापक जयप्रकाश पाल ने समय के महत्व को बताते हुए कहा कि समय दुनिया की सबसे मूल्यवान और अनमोल संपत्ति है, क्योंकि बीता हुआ पल कभी वापस नहीं आता। सफलता और असफलता पूरी तरह से समय के सही उपयोग पर निर्भर करती है। समय का सही प्रबंधन करना लक्ष्य को हासिल करने का उचित माध्यम है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार, एसपी गंगवार, नरेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, मौहम्मद अनस, करन वीर आदि मौजूद रहे।

### स्टेबिलिटी वर्कशॉप रिपेरिंग की दुकान में चोरी



**हल्दौर।** बिजनौर–मुरादाबाद हाईवे पर स्थित धारीवाल रेस्टोरेंट के पास दो अलग–अलग जगहों पर चोर करीब एक लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। नगर के मौहल्ला भूड़ होली चौक निवासी पालि. का नामित सभासद व भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार चानू की बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर धारीवाल रेस्टोरेंट के पास कार्तिकेय स्टेबिलिटी वर्कशॉप रिपेरिंग की दुकान संचालित है। दुकानदार के अनुसार वह देर शाम कार्य समाप्ति के बाद दुकान बंद कर घर चले गए। आज सुबह दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें शटर के ताले आदि टूटे हुए मिले। दुकानदार का आरोप है कि चोर दुकान से सोलर इंवर्टर, दो बैटरे, सीसीटीवी की डीवीआर समेत करीब 80 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। वहीं नगर को मौहल्ला खेड़ा निवासी सुहेल का उक्त दुकान के पास स्वीमिंग पुल परिसर से जनरेटर के करीब बीस हजार रुपये के यंत्र चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

### गन्ना पेडी का निरीक्षण



**धामपुर।** शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने शेरकोट के ग्राम नंदगांव, धुराड़ा, मधौरा आदि में बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं पेडी गन्ना का निरीक्षण किया। पेडी गन्ने में वॉटर सूट अधिक दिखाई दिए। जिनको कटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ने की फसल में सीटीपीआर कोराजन, नेटजन व बोलियम की ड्रैंचिंग आवश्यक कराए जिससे टॉप बोरर के आपतन को कम किया जा सके। भ्रमण के दौरान जोनल अधिकारी अरविंद कुमार मौजूद रहे।

### कार ने टेम्पो को मारी टक्कर, युवक गंभीर



**धामपुर।** बीती देर रात तेज रफ्तार कार ने टेम्पो को टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जाकिर अली पुत्र असगर अली निवासी ग्राम रामसहायवाला, थाना शेरकोट स्योहारा से अपने घर लौट रहे थे। जब वह शीला टाकीज धामपुर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उनके टेम्पो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जाकिर अली और उनके पुत्र फैसल (22 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल आयुष्मान हॉस्पिटल धामपुर में भर्ती कराया गया, जहां से फैसल की हालत गंभीर देखते हुए उसे कोसमोस हॉस्पिटल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। हादसे में टेम्पो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है। मामले में थाना धामपुर में चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### ब्लैकमेल कर कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मंडावर।** दसवीं के छात्र के साथ कुकर्म कर ब्लैकमेल करने वाले वक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मंडावर के मौहल्ला बंजारान निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पुत्र जो कक्षा दस का छात्र है, उसके साथ मौहल्ले का रईस पुत्र यामीन अपने घेर में कुकर्म कर वीडियो बनाता था और वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे मांगता था। पीड़ित बच्चे का पिता परचून की दुकान करता है। आज सुबह रोज की तरह सुबह छात्र स्कूल गया तो जाते वक्त छात्र ने अपनी दुकान से कुछ पैसे उठाए और अपने बैग में रख लिए और चला गया। जैसे ही वह पटवारिन मंदिर पर पहुंचा तो रईस खड़ा हुआ था और छात्र से पैसे वसूल कर रहा था जिसे छात्र के पिता ने रंगे हाथों पकड़ लिया। छात्र के पिता को देख रईस रफूचक्कर हो गया। पुत्र ने जब आपबीती सुनाई तो वह दंग रग गया। छात्र के पिता ने तुरंत 112 को फोन कर पूरी जानकारी दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई। वहीं थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि छात्र के साथ कुकर्म कर ब्लैकमेल करने की तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तहसील परिसर में भाकियू सरपंच के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, अवैध खनन और भू–माफियाओं द्वारा कब्जों जैसे कई मुद्दों पर रोष व्यक्त किया गया।

## भाकियू सरपंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

यह ज्ञापन संगठन के जिलाध्यक्ष अरुण ठाकुर के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष मौ. नबील ने एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नजीबाबाद इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिलने में भारी परेशानी हो रही है और इसकी कालाबाजारी की जा रही है, जिससे आम जनता और किसान प्रभावित हो रहे हैं।

किसानों ने स्मार्ट मीटर को लेकर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल कई गुना अधिक आ रहे हैं। मीटर तेजी से चल रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के मीटर बदले जा रहे हैं। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ज्ञापन में क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन, अवैध कॉलोनियों के निर्माण और ग्राम अलीपुरा में ग्राम समाज की जमीन पर भू–माफियाओं के अवैध कब्जे का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने प्रशासन से इन मामलों की तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और अवैध कब्जों को हटाने की मांग की।

इस अवसर पर जुनैद जिला सचिव, फैय्याज भाई मंडल अध्यक्ष, माज, अफ्रीज, साहिल, साद, दानिश, शाकिर भाई, सूफियान सहित संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अरुण ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# भ्रमण कर शिक्षकों से संवाद

## दो मई को धरना सफल बनाने का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर दो मई को जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले धरने को सफल बनाने के लिए जिलामंत्री विनोद कुमार ने नगर के स्कूलों में भ्रमण किया तथा शिक्षकों से संवाद कर अधिक से अधिक शिक्षकों से धरने में पहुंचने की अपील की।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज सहित आरयूएम स्कूल में शिक्षकों से रूबरू होते हुए जिलामंत्री विनोद कुमार ने बताया कि धरने का उद्देश्य शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं एवं मांगों को शासन तक पहुंचाना है। धरने के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। जिसमें शिक्षकों की प्रमुख मांगों चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 की वापसी, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, 22 मार्च 2016 की राजाज्ञा से आच्छादित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करना, वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण तथा व्यावसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा देने जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त जिला स्तर की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। जिसमें शिक्षकों की एनपीएस कटौती के समुचित रख–रखाव में अनियमितता, जीपीएफ में धनराशि स्थानांतरण में देरी, लंबित पदोन्नति प्रकरणों का समय से निस्तारण न होना, चयन एवं प्रोन्नति से संबंधित मामलों में विलंब, शिक्षकों के बकाया भुगतान में देरी, लंबित पदोन्नति परकरनोक समय से निस्तारण, शिक्षकों के बकाया भुगतान में देरी सहित सेवा. निवृत्त शिक्षकों के देयकों के भुगतान, सामूहिक बीमा के निस्तारण तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर सेवा अभिलेखों में त्रुटियों के सुधार जैसे मुद्दे शामिल है।

इस मौके पर शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार, शाखा मंत्री विजय वर्मा, ब्रह्मपाल सिंह, विनीत कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चंद्र शास्त्री, विजयपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, इदरीस अहमद, जाबिर अली, मुजीब अहमद, क्षेत्रपाल सिंह, संजय राजभर, सलीम अहमद, शैलेश यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### अजयपाल बने शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने प्राथमिक विद्यालय टांडा रतन में प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता अजयपाल सिंह को संघ का नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उनसे पंद्रह दिनों के अंदर कार्यसमिति गठित करने के निर्देश दिए है। उनकी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर की गई नियुक्ति संघ के प्रति उनकी समर्पण भावना को देखते हुए संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन की संस्तुति तथा प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के निर्देश पर की गई। उनके मनोनयन पर शिक्षक नेता महेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, आमिर अली, मनोज कुमार, विपिन कुमार, राजवीर, अमित त्यागी, अनिल वर्मा, शहला अंजुम, तनवीर अहमद, रिजवान आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### सिमरन अंसारी ने किया कॉलेज टॉप

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परिणाम के बाद छात्र–छात्राएं अपने करियर के बारे में सोचने लगे है। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज की छात्रा सिमरन अंसारी ने इंटरमीडिएट की विज्ञान वर्ग की परीक्षा में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज को टॉप किया है। कॉलेज टॉप करने पर परिवार में खुशी का माहौल है। सिमरन अंसारी पुत्री जहीर आलम शुरू से ही पढ़ाई में आगे है। सिमरन अंसारी के बड़े भाई व बड़ी बहनें भी पढ़ाई में हमेशा आगे रहे है। उन्होंने भी कॉलेज टॉप करने के साथ जनपद में भी स्थान प्राप्त किया है।

### किसानों की समस्याएं हल कराने के लिए आगे आए : मूसा

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने अपनी टीम के संगठन के साथ प्रदेश अध्यक्ष इंतजार मूसा ने अपनी टीम के संगठन के साथ प्रदेश सचिव व बड़े किसान व व्यापारी नेता अजगर अली से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर संगठन की एकता व मजबूती के लिए चर्चा की। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों का फूल–मालाओं से स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि असगर अली उत्तर प्रदेश में भाकियू कृषि क्रांति के प्रदेश सचिव पद की बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनको गले में पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। संगठन के सभी पदाधिका. रियों से किसानों की समस्याएं जानकर उनका हल कराने के लिए आगे आने की अपील की गई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनव्वर अली, मंडल महासचिव गुलजार सैफी, मुख्य महासचिव निहाल चौधरी, संजय कश्यप, जिला उपाध्यक्ष, सरताज जौहरी नगर अध्यक्ष जलाबाबाद दानिश शेख, ओवेश ग्राम अध्यक्ष, शाबाज अंसारी, अर्जुन सिंह, सुनील आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने गैस आपूर्ति में सुधार कराने के लिए एसडीएम से की भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधायक हाजी तसलीम अहमद ने उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात इंडेन गैस एजेंसी की सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था में सुधार को लेकर हुई। बैठक में एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा और इंडेन ऑयल कॉर्पोरेशन के फील्ड ऑफिसर भी मौजूद थे।

विधायक ने भीषण गर्मी में महिलाओं को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए समय पर सिलेंडर न मिलने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने उपजिलाधिकारी और एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह से सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने को कहा।

## भीषण गर्मी में महिलाओं को हो रही परेशानी

विधायक ने यह भी मांग की कि जो उपभोक्ता केवाईसी नहीं करा पा रहे हैं। उनके लिए तहसील परिसर में अलग से व्यवस्था की जाए।

साथ ही एजेंसी स्टाफ को उपभोक्ताओं के साथ उचित व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी में गोदाम पर भीड़ से बचने के लिए विधायक ने घर–घर डिलीवरी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने रोहितराज सिंह से प्रतिदिन 800 सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा।

## एक नजर



### परीक्षाफल रहा शत–प्रतिशत






**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी वनस्पति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर विभाग के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी के छात्र–छात्राओं का परीक्षाफल शत–प्रतिशत रहा। एमएससी वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि सुम्मैया फातिमा ने 77.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शुभांगी ने 74.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मानसी चौधरी ने 73.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र–छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रूप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइन्स की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा व विभाग की प्रवक्ता दीक्षा त्यागी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बीएससी गृह विज्ञान परीक्षाफल घोषित




**बिजनौर।** महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय द्वारा घोषित गृह विज्ञान के परीक्षा परिणामों में विवेक कॉलेज की छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीएससी गृह विज्ञान पंचम सेमेस्टर में राजिया जफर ने 77.5% अंकों के साथ प्रथम, सादिया मौजिज ने 75.8% अंकों के साथ द्वितीय तथा शगुन ने 75.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी गृह विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में नमरा नाज ने 75.4% अंकों के साथ प्रथम, माही चौहान ने द्वितीय तथा तसमिया परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि विवेक कालेज की छात्राओं का परीक्षा परिणाम सदैव उत्तम रहा है उन्होंने बताया कि इस वर्ष से विश्वविद्यालय, फूड एंड न्यूट्रीशन तथा फैशन डिजाइन विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित है साथ ही दोनों विषयों में पीएचडी भी कराई जा रही है। इस मौके पर विभाग के अधिष्ठाता प्रो. डा. संजय कुमार त्यागी व विभाग अध्यक्ष डा. मीना चौधरी ने सभी छात्राओं को सर्वागींण विकास करने के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। छात्राओं की इस सफलता में गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं शालू, सुरूचि अग्रवाल, असमा, नेहा नासिर, खुशी अग्रवाल आदि ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### गजेंद्र अध्यक्ष एवं रियाज मंत्री निर्वाचित



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की देखरेख में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ शाखा राजकीय आईटीआई का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से संतराम सिंह संरक्षक, गजेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष, विपिन कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मौहम्मद रियाज जिला मंत्री, सोनू संयुक्त मंत्री, अशोक कुमार प्रचार मंत्री, अमित कुमार संगठन मंत्री, मौहम्मद परवेज कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र कुमार एवं धर्मवीर सिंह ऑडिटर निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा शपथ दिलाते हुए अपेक्षा की गई कि अब संगठन पहले से अधिक मजबूत होकर कर्मचारी हित में कार्य करेगा। इस मौके पर योगेश कुमार, मनोज कुमार, सुशील कुमार अरविंद कुमार, श्याम सिंह, आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को मंजुल मयंक प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### 'जेंडर इक्विटी' पर साक्षरता शिविर



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के अंतर्गत 'जेंडर इक्विटी' विषय पर साक्षरता शिविर का आयोजन मुनि विद्यानंद जैन कन्या विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को लैंगिक समानता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। इस मौके पर पीएलवी जयवीर सिंह ने कहा कि जेंडर समानता का अर्थ है लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव किए बिना सभी को समान अधिकार, अवसर, जिम्मेदारियां और संसाधन उपलब्ध कराना। उन्होंने इसे एक मौलिक अधिकार बताते हुए कहा कि शिक्षा, आर्थिक भागीदारी, स्वास्थ्य और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को लैंगिक रूढ़िवादिता समाप्त करने, लैंगिक हिंसा और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने की अपील की। साथ ही महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरक. ारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका वत्स, सहायक अध्यापिका पिंकी, सोनी वर्मा, संतोष तथा शाहीन सहित अन्य स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# केंद्रीय राज्यमंत्री/सांसद जितिन प्रसाद की पीलीभीत को बड़ी सौगात

- पीलीभीत में खुल रहा देश का दूसरा, बासमती प्रशिक्षण केंद्र एवं देश का पहला जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म
- केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी में हुई लीज डीड हस्तांतरण
- राज्य कृषि फार्म, टांडा बिजेसी पीलीभीत टीमा मार्ग पर होगा निर्माण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने एक बार फिर पीलीभीत जनपद को बड़ी सौगात दी है, उनके सार्थक प्रयास से पीलीभीत के राज्य कृषि फार्म, टांडा बिजेसी पीलीभीत खटीमा मार्ग पर जल्द देश के दूसरे, बासमती प्रशिक्षण केंद्र एवं देश के पहले जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

मंगलवार को शहर के निजी होटल में एपीडा द्वारा इस संबंध में भव्य लीज डीड हस्तांतरण कार्यक्रम एवं प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद मौजूद रहे, उनकी मौजूदगी में एपीडा के अधिकारियों और जिला कृषि अधिकारी ने अधिकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उघ्द्योग मंत्रालय के अधीन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (बीईडीएफ) के तहत उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एक बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म स्थापित कर रहा है। इस सुविधा का विकास मोदीपुरम स्थित बीईडीएफ फार्म के मॉडल पर किया जा रहा है, जिसके वितपोषण और संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी एपीडा की होगी। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के सचिवालय के रूप में, एपीडा ऐसी कृषि प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु समर्पित है, जो टिकाऊ होने के साथ-साथ पूर्णतः ट्रेसबिलिटी युक्त और निर्यात-केंद्रित हो। यह एपीडा के अंतर्गत देश का पहला जैविक प्रदर्शन फार्म है। बासमती पारिस्थितिकी तंत्र को नई मजबूती देने की दिशा में, उत्तर प्रदेश में स्थापित यह घ्द्वितीय विशिष्ट सुविधा है। यह पीलीभीत और आसपास के क्षेत्रों की कृषि अर्थव्यवस्था को रणनीतिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्तर पर उत्तर प्रदेश जैविक उत्पादन में 7 वें और इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रफल में 8वें स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि राज्य भारत में बासमती चावल के शीर्ष तीन उत्पादकों में से एक है। इसके अंतर्गत अधिसूचित बासमती किस्मों का प्रदर्शनः बीज अधिनियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बासमती प्रजातियों का प्रायोगिक प्रदर्शन। उन्नतजैविक कृषि पद्धतियोंः बासमती एवं अन्य ऋतुगत फसलों हेतु वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित जैविक खेती प्रणालियों का क्रियान्वयन। एकीकृत प्रबंधन प्रणालियोंः एकीकृत कीट प्रबंधन (प्च्ड) एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आई.एन.एम) की आधुनिक तकनीकों का समावेश। जैविक आदान एवं फसल सुरक्षा जैविक इनपुट्स तथा अत्याधुनिक फसल संरक्षण प्रौघ्योगिकियों का व्यावहारिक प्रदर्शन। राष्ट्रीय बासमती परीक्षण केंद्र अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार कार्यक्रम (एआईसीआरपी) के तत्वावधान में संचालित एक विशिष्ट राष्ट्रीय परीक्षण केंद्र। उच्च गुणवत्ता वाले बासमती बीजों का उत्पादन और उपलब्धता। बीज गुणन श्रृंखलाः प्रजनक, आधारभूतऔर प्रमाणित। संगठनों (एफपीओ), बीज गुणकों और सरकारी एजेंसियों के लिए बीज स्रोत सहायता। किस्म की शुद्धता के लिए अनुरक्षण प्रजनन। बीज उत्पादन में कौशल विकास और रोजगार सृजन आदि शामिल हैं। पीलीभीत में बासमती और जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण केंद्र एवं प्रदर्शन फार्म की स्थापना एक सराहनीय पहल है। यह केंद्र खेती को टिकाऊ बनाने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतर व्यवस्था तैयार करेगा। इससे फसलों की उच्च गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित होगा, जिससे वैश्विक बाजार में हमारे किसानों की पहुंच और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इस दौरान सुधीर गुप्ता एमएलसी, स्वामी प्रवक्तानंद विधायक, बरखेड़ा,बाबूराम पासवान विधायक पूरनपुर, विवेक वर्मा विधायक बीसलपुर गोकुल प्रसाद जिलाध्यक्ष, भाजपा, अभिषेक देव चेयरमैन एपीडा, जानेंद्र सिंह डीएम पीलीभीत, अजय भलोतिया, जनरल सचिव एरिया, डॉ सुधांशु, सचिव एपीडा।

## केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद जितिन प्रसाद ने की कई प्रमुख घोषणाएं



कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद ने कहा कि यह पीलीभीत जनपद के लिए और खासकर किसान भाइयों के लिए एक बड़ी सौगात है।

यहां वर्ल्ड क्लास ऑडोटोरियम होगा आधुनिक सुविधाओं के साथ, निश्चित समयावधि में यानि 1 वर्ष में निर्माण होगा, जैविक उत्पाद की बिक्री की भी व्यवस्था होगी, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के नाम पर हो फार्म का नाम, यहां जैविक कृषि पर बल दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह घोषणाओं से ज्यादा जमीनी स्तर पर कार्य करने पर भरोसा करते हैं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पीलीभीत में कई अन्य बड़े कर कराए जाएंगे, जिनका कार्य भी जल्द शुरू होगा जिससे पीलीभीत की तरक्की होगी।

## संस्कृत विद्यालय में मनाया गया छात्र सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** दुग्धेश्वर संस्कृत महाविद्यालय में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्कृत अतिथि के रूप में पधारी रामा इं० कॉलेज की संस्कृत प्रवक्ता श्रीमती ऋतु ने माँ सरस्वती को चुनरी व डोरी से सुसज्जित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व साहित्य अध्यापक वेद प्रकाश शुक्ला ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम आरम्भ करने की घोषणा की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. तोहत्तर पाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस वर्ष कक्षा दस, ग्यारह और बारह में कुल दस छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें से आठ विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में व दो विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारह के छात्र गौरव कुमार ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्री पंचम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। ममता रानी ने 83.67%, रेखा रानी ने 83%, शिवा मिश्रा ने 79.5%, कार्तिकेय ने 75% अंक प्राप्त किए। आचार्य तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुमंगला गंगवार ने 73.5% तथा रामानुज अवस्थी ने 65.5% अंक प्राप्त किए। आचार्य प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक मिश्रा ने 75.75%, रविकान्त ने 71.75%, धर्मेन्द्र कुमार ने 64.50%, सोनी देवी ने 71.50% अंक प्राप्त किए। महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ० अमित कुमार सक्सेना ने कक्षा बारह में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी गौरव कुमार को फूलमाला एवं पटुका



पहनाकर सम्मानित किया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक को डॉ० तोहत्तर पाल, श्रीमती ऋतु, वेद प्रकाश शुक्ला व डॉ० अमित कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से गौरव कुमार को पहनाया। विभिन्न संस्कृत प्रतियोगिताओं में अब तक गौरव कुमार ने पचास के आस-पास प्रमाण पत्र प्राप्त किए हैं। जिन्हें विद्यार्थियों को दिखाया गया। सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों में गौरव कुमार, सोनी देवी, हरियाली देवी, मोहन चन्द्र भट्ट, रामानुज अवस्थी, अभिषेक मिश्रा, रितेश मिश्रा, रविकान्त, राधे शर्मा, परी जौहरी आदि थे। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने घोषणा की कि जो विद्यार्थी प्रतिदिन विद्यालय आएंगे उन्हें तीस हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति भी मिलेगी, पुस्तकालय से पुस्तकें भी उपलब्ध करायी जाएंगी और जो विद्यार्थी छात्रावास में रहना चाहते हैं तो उनके रहने की व्यवस्था निःशुल्क होगी। प्रभारी प्राचार्य ने संस्कृत अतिथि के रूप में पधारी श्रीमती ऋतु को भी आश्वासन दिया कि रामा इ. कालेज पीलीभीत में कक्षा-ग्यारह और बारह में संस्कृत विषय के छात्रों को भी करीब पन्द्रह हजार से बीस हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति दिलवायी जाएगी।

## परिचय सम्मेलन में 12 जोड़ों के रिश्तों पर लगी मुहर

- 21 जून को लखीमपुर में गूंजेगी शहनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सामाजिक एकजुटता और वैवाहिक बंधनों को सरल बनाने के उद्देश्य से 'ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज पूरनपुर' एवं श्स्वर्णकार कल्याण समिति लखीमपुरश द्वारा एक भव्य स्वजातीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों परिवारों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



महाराजा अजमीढ़ जी की पूजा से कार्यक्रम का विधिवत आरंभ स्वर्णकार समाज के आराध्य महारा. जा अजमीढ़ जी के चित्र पर तिलक और पुष्प अर्पित कर किया गया। आयोजन समिति ने बाहर से आए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। विभिन्न जनपदों से पहुंचे स्वजातीय बंधु स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन की गूँज दूर-दराज के जिलों तक रही। कार्यक्रम में दिल्ली के अलावा हरदोई, लखीमपुर, बाराबंकी, सीतापुर, पीलीभीत, बरेली, आंवला और मुरादाबाद समेत कई अन्य जनपदों से भारी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए। 125 पंजीकरण और 12 विवाह तय अध्यक्ष नितिन वर्मा ने बताया कि सम्मेलन को समाज का जबरदस्त समर्थन मिला। अभी तक कुल सवा सौ (125) युवक-युवतियों के बायोडाटा पंजीकृत किए गए, जिनमें से आपसी सहमति और परिचय के बाद लगभग 12 जोड़ों का विवाह रजिस्ट्रेशन भी संपन्न हो गया। इस अवसर पर सर्वेश स्वर्णकार, रवि वर्मा, विशाल वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, अरविंद वर्मा, अशोक वर्मा, विशन वर्मा, एडवोकेट सुनील वर्मा, शैलेंद्र स्वर्णकार, आनंदराम रस्तोगी सहित समाज के दर्जनों गणमान्य पदाधिकारी और समाजसेवी मौजूद रहे। समिति ने आगामी कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में तय हुए रिश्तों और अन्य पंजीकृत जोड़ों के लिए 21 जून को स्वर्णकार कल्याण समिति द्वारा लखीमपुर में एक विशाल वैवाहिक समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने महिला जन आक्रोश रैली निकाल जताया विरोध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों द्वारा किए गए मतदान का विरोध दर्ज कराने हेतु जन आक्रोश सम्मेलन और जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन गांधी प्रेक्षा गृह में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का रहना हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की।

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सदन में नारी शक्ति के हित में बिल लेकर आए लेकिन विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया है आप सभी महिलाओं को अपने अधिकार की लड़ाई लड़नी है ,आज सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने का कार्य किया है। केंद्रीय मंत्री ने भाजपा सरकार की महिलाओं के लिए की गई योजनाओं को विस्तार से बताया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, पूरनपुर विधायक बाबू राम पासवान, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत , जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन आस्था अग्रवाल,जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार जिला मंत्री ऋचा पटेल, जिला मंत्री पंकज तिवारी, पुष्पा शुक्ला, शशि बाला कटियार, जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह,जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, जिला मंत्री विकास वाल्मीकि, जिला मंत्री रेनू राज , जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, हर्षित चौधरी, दीपक सोनकर, इंद्रेश चौहान, अभिषेक सिंह पटेल, विवेक शुक्ला दीपक सूर्यवंशी रहे।

## अवैध अस्पताल का खूनी खेल

- बहन चला रही थी निजी अस्पताल, सीएचसी प्रभारी भाई का मिला संरक्षण, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स भगवान दास**

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के एक नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान कथित तौर पर एक महिला कर्मचारी के प्रसूता के पेट पर बैठने के कारण नवजात शिशु की मौत हो गई।

घटना और आरोपः परिजनों का आरोप है कि प्रसव को जल्द कराने के लिए एक महिला कर्मचारी प्रसूता के सीने और पेट पर बैठ गई, जिससे नवजात की मृत्यु हो गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर राधिका नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएचसी प्रभारी डॉ. अवधेश राठौर को उनके पद से हटा दिया गया है, क्योंकि अस्पताल कथित तौर पर उनकी बहन का था और उन्होंने ही मरीज को वहां रेफर किया था।

पुलिस ने डॉक्टर सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक निजी नर्सिंग होम (राधिका अस्पताल) में प्रसव के दौरान हुई नवजात की मौत और उसमें शामिल सरकारी कर्मचारियों की लाप. रवाही सामने आई। कादरचौक स्थित राधिका नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान एक महिला कर्मचारी द्वारा प्रसूता के सीने पर बैठकर पेट दबाने का अमानवीय तरीका अपनाया गया, जिससे नवजात की मौत हो गई।

कादरचौक सीएचसी के तत्कालीन प्रभारी डॉ. अवधेश राठौर इस निजी अस्पताल को अपनी बहन मोनिका राठौर के माध्यम से चला रहे थे।सीएमओ ने डॉ अवधेश राठौर को पद से हटाकर ककराला सीएचसी स्थानांतरित कर दिया है। विभागीय जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने डॉ अवधेश राठौर, उनकी बहन, स्टाफ नर्स और एक अज्ञात महिला सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अवैध नर्सिंग होम को प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने इस गंभीर प्रकरण का संज्ञान लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार ने किया निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने जिलाधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज के सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अभियंताओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर गुणवत्ता के साथ कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए।

जनपद के पूर्व जिलाधिकारी रहे व वर्तमान में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनो का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आवासीय भवनों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने वहां नक्शे का अवलोकन कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की कुल लागत 112.31 करोड रुपये है



तथा आवासीय भवनों की कुल लागत 300.47 करोड रुपए है, जिसका 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जुलाई 2026 तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में कार्यदायी संस्था को दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी की चपेट में बीसलपुर आसमान से बरस रही आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बीसलपुर।** क्षेत्र में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगाता बढ़ोतरी होने के कारण आसमान से आग बरस रही है। सुबह 10 बजते ही सूरज की तपिश इतनी बढ़ जाती है कि लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। कड़ाके की धूप और लू (गर्म हवाओं) के थपेड़ों ने बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसरने को मजबूर कर दिया है।

भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा असर दोपहर के समय देखने को मिल रहा है। बीसलपुर के मुख्य बाजारों, बस स्टैंड और तहसील परिसर में सन्नाटा पसरा रहता है। लोग चेहरे पर कपड़ा लपेटकर और छाता लेकर ही बाहर निकल रहे हैं। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर कदम रख रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। गन्ने का रस, शिकंजी, बेल का शरबत और तरबूज की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं, पशु-पक्षी भी पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं। अस्पताल में भी गर्मी जनित रोगों जैसे डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और लू लगने के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने सलाह दी है किः दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें।

ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और तरल पदार्थों का सेवन करें। बाहर निकलते समय सिर को सूती कपड़े से ढककर रखें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। आने वाले दिनों में यदि तापमान में गिरावट नहीं हुई, तो स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। प्रशासन से भी सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगवाने की मांग की जा रही है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** उघैती क्षेत्र के एसएस इंटर कालेज रियोनाई के छात्र-छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया।मंगलवार को विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।एसएस इंटर कॉलेज रियोनाई के छात्र-छात्राएं का बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इंटर के छात्र अजित 80% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पुष्पेंद्र78.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्रदीप यादव ने 77.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं हाई स्कूल के विनय कुमार ने 85.3%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कर्तव्य ठाकुर ने 78% प्राप्त कर द्वितीय स्थान व रोशनी 76% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विद्यालय प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव ने मेधावी छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की स्थापना से लेकर निरंतर विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा है।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, मां बेटे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर खुदागंज मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए यह घटना ग्राम उगनपुर मरौरी के पास क्या हुई। जहां एक चलती बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।

घायलों की पहचान खुदागंज क्षेत्र के ग्राम रामबाग निवासी 50 वर्षीय सुधा गुप्ता और उनके बेटे विशाल गुप्ता के रूप में हुई है बताया गया कि दोनों किसी काम से बीसलपुर जा रहे थे तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक का संतुलन अचानक बिगड़ गया जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क पर फिसल गई हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान उगनपुर मरौरी निवासी नरेश ने घायलों को देखा और तत्काल बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया स्थानीय लोगों ने भी इस दौरान मदद की और एंबुलेंस की व्यवस्था कराई। बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया हालांकि उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया गया। पीलीभीत जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरो की निगरानी में उनका इलाज जा रही है। डॉक्टर के अनुसार दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है घटना की सूचना मिलते ही बीसलपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जाच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बाइक का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है पुलिस मामले की हर पहलू की जांच कर रही है।

### जिलाधिकारी ने जिला टॉपर को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 2026-27 के लिए चयनित जिला टॉपर अनुज कुमार पुत्र श्री धर्मेंद्र कुमार छात्र पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कैंच विकास क्षेत्र मरौरी, पीलीभीत को गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने साइकिल एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। जनपद के 157 विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता अर्जित करने में विद्यालय स्तर पर मार्गदर्शक की भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को और जनपद के मार्गदर्शक सहित राज्य स्तरीय मेंटर्स को प्रमाण पत्र देकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एसडीएम का गैस एजेंसी पर छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहसवान।** उप जिलाधिकारी ने इंडियन गैस सर्विस सहसवान का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण में घरेलू गैस सिलेंडर की बारीकी से जांच पड़ताल की भरे एवं खाली सिलेंडरों का मिलान किया स्टॉक रजिस्टर सहित घरेलू सिलेंडर वितरण में किसी भी तरह की परेशानी ना आए गैस एजेंसी संचालक को हिदायत दी कि घर-घर सिलेंडर पहुंचाने का कार्य करें जिससे घरेलू सिलेंडर की कमी दूर हो सके इस मौके पर पूर्ति अधिकारी सहसवान एजेंसी संचालक कर्मचारी अवनीश मौजूद रहे ।

### उच्च न्यायालयों के निर्णयों के हिंदी अनुवाद आधिकारिक वेबसाइट पर रहेंगे उपलब्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं के सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार न्यायालयों द्वारा पारित महत्वपूर्ण निर्णयों के हिंदी अनुवाद को आमजन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त पत्र के अनुसार दिनांक 17 मार्च 2026 से उच्च न्यायालय के गैर-एएफआर अंतिम निर्णयों एवं आदेशों, जो तीन पृष्ठ या उससे अधिक के हैं, का हिंदी में अनुवाद कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह पहल न्यायालय की स्थापना के ऐतिहासिक संदर्भ को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि आम जनता, विशेषकर हिंदी भाषी नागरिक, न्यायिक निर्णयों को आसानी से समझ सकें। अनुवादित निर्णय इलाहाबाद एवं लखनऊ स्थित संबंधित अनुवाद प्रकोष्ठों द्वारा तैयार किए जाएंगे तथा इन्हें डिजिटल माध्यम से न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। दिशा-निर्देशों के क्रम में यह भी कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण जानकारी का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे विधि क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों, अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों एवं आम नागरिकों में जागरूकता बढ़े। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी संबंधित विभागों, संगठनों एवं आमजन से अपील की है कि वे इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि न्याय तक सरल एवं सुलभ पहुंच सुनिश्चित हो सके और न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा मिले।

### उर्वरकों की खपत को कम करने पर की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** बी पैक्स खुनक के सदस्यों के आवाहन पर जनपद के ग्राम खुनक में किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मक्का की फसल का अच्छा उत्पादन लेने की फसल तकनीक एवं रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करने पर चर्चा की गयी। क्षेत्र प्रबंधक इफको बदायूँ जितेन्द्र कुमार ने जनपद के किसानों का रासयनिक उर्वरकों की खपत कम कर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का इस्तेमाल बड़ाने हेतु किसानों का धन्यवाद किया।

उन्होने जानकारी दी कि 30-60 दिन की मक्का की फसल में इफको की नैनो यूरिया-500 मिली, इफको सागारिका-500 मिली एवं नैनो जिंक 100 मिली का प्रतिएकड़ की दर से सम्मिलित इस्तेमाल करने से यूरिया के मिट्टी पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है एवं फसल भी स्वस्थ होती है। जायद की फसलों जैसे मक्का,मेंथा एवं मूंगफली की फसल में यूरिया की तुलना में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका अधिक कारगर है। जनपद के कई प्रगतिशील किसानों ने मक्का एवं मेंथा की फसल में आधुनिक तकनीक से विकसित इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका के प्रयोग से कम यूरिया डीएपी डालकर अच्छा उत्पादन लिया है। मक्का के पत्ते काफी चौडे होत्ते हैं अतः स्प्रे वाली खादों जैसे नैनो यूरिया, नैनो जिंक एवं इफको सागारिका के 35-50 दिन की फसल में स्प्रे से यूरिया की तुलना में अच्छी बड़वार होती है। स्प्रे के लिये नैनो यूरिया 5 मिली प्रति लि0, नैनो डीएपी 3-5 मिली प्रतिली0, सागारिका 5 मिली प्रति ली के प्रयोग से फसल की शानदार बड़वार होती है। पानी के साथ यूरिया घोलकर डालने से लाभदायक केंचुआ खेत में सक्रिय नही रहते हैं फलस्वरूप अधिक खाद डालनी पड़ती है। कार्यक्रम में किसान राजेश कुमार सक्सेना, अब्बास अली, मुस्लिम अली, मुनीफ एवं प्रेमपाल सहित 65 किसानों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी हरीश उपाध्याय के निर्देशन में मॉडल संकुल स्तरीय संघ का इन्वलेक्शन प्लान एप विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते मंगलवार प्रातः काल ईश वंदना के साथ शुरू किया गया जिसमें विकास खंड आसफपुर क्षेत्र की लगभग 28 महिलाएं प्रतिभाग ले रही हैं । जिसमें मुख्य प्रशिक्षिका उमंग तोमर व रेखा दोनों मिलकर सभी महिला प्रतिभागियों को विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटा रही हैं । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक अनवरत रूप से सुचारू रहेगा । इस कार्यक्रम में आकाश कुमार , साहिल कुमार , वीरपाल सिंह , रामगोपाल कश्यप व अमित कुमार सहयोग कर रहे हैं । यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी ।

### पूर्व शिक्षक की पत्नी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** क्षेत्र के गांव दबथरा में पूर्व शिक्षक राजपाल सिंह की पत्नी समसा देवी का पिछले काफी समय से इलाज चल रहा था ।

बीते दिन मंगलवार को अचानक समसा देवी की सांसे थम गई । समसा देवी लगभग 65 वर्ष पार कर चुकी थीं । समसा देवी के निधन पर परिवार सहित ग्राम वासियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया । समसा देवी के पति राजपाल सिंह शिक्षा विभाग में अपरिहार्य सेवाएं दे चुके हैं ।

# गोकशों ने पुलिस पर की फायरिंग, जवाब में एक घायल

## एक पुलिस कर्मी की हत्या के आरोप में भी है एक शामिल

### मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी भी हुआ घायल, भर्ती





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शासन की इतनी सख्ती के बाद भी जिले में गोकशी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन कहीं न कहीं गोकश अपनी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अगर पुलिस उनको पकड़ने का प्रयास करती है तो वह पुलिस पर भी फायरिंग करने से नहीं चूकते। हालांकि पुलिस की मुठभेड़ की हकीकत हम नहीं कह रहे हैं लेकिन सरकारी रिकार्ड में यही दर्ज है। अब फिर गोतस्करों ने गंज थाना पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश और सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बदमाशों पर विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। जिसमें एक तो सिपाही की हत्या करने में भी शामिल था।

गंज कोतवाल पवन कुमार शर्मा के अनुसार चौकी प्रभारी मंडी उप निरीक्षक राहुल गंगवार मय पुलिस फोर्स के स्वार चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। तभी स्वार की तरफ से आती हुई एक मोटरसाइकिल को उन्होंने रो. कने का प्रयास किया। तभी दोनों बदमाश अजयपुर-केसरपुर मार्ग की तरफ जाने लगे। पुलिस ने जब उनको रोकने का प्रयास किया तो पीछे बैठे बदमाश ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से सिपाही विशाल घायल हो गया। पुलिस ने जब जबाबी कार्रवाई तो गोली लगने से लालू उर्फ मुकर्रम पुत्र जाहिद कुरैशी उर्फ अब्बू मुल्ला निवासी पीला तालाब थाना गंज रामपुर तथा 2.परवेज पुत्र शब्बीर निवासी तीतर वाली पाखंड थाना गंज रामपुर पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लालू उर्फ मुकर्रम उपरोक्त पर विभिन्न थानो में 12 अभियोग(06 गोकशी व अन्य )पंजीकृत हैं तथा बदमाश परवेज उपरोक्त पर विभिन्न थानो में 06 अभियोग पंजीकृत है। बदमाश परवेज उपरोक्त द्वारा सन 2018 में थाना कलक्टर बक गंज जनपद बरेली में गोकशी करते समय एक सिपाही की हत्या करने में अपने भाइयों के साथ शामिल रहा है दोनों उपरोक्त बदमाश कुछ दिनों से मोटरसाइकिल से थाना सिविल लाइन,स्वार,सीआरपीएफ गेट के आसपास कोई बड़ी घटना करने की फिराक में घूम रहे थे स दोनों बदमाशों से दो आदद तमंचे मय जिंदा कारतूस , एक तमाचे में कारत. ूस फसा हुआ हैं तथा गोकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बड़े चाकू, गड़ासा,रस्सी, छोटे छोटे चाकू व अन्य गोकशी संबंधी उपकरण बरामद हुये हैं। घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है।

#### दोनों आरोपियों पर दर्ज हैं गोकशी के कई मामले

रामपुर। गंज पुलिस द्वारा हुई मुठभेड़ में घायल हुए दोनों बदमाशों का अपराधिक रिकार्ड है। गोकशी के मामले में इन लोगों पर कई मामले दर्ज हैं। गंज कोतवाल ने बताया कि अभियुक्त लालू उर्फ मुकर्रम उपरोक्त पर विभिन्न थानो में 12 अभियोग( 06 गोकशी व अन्य )पंजीकृत हैं। जबकि परवेज उपरोक्त पर विभिन्न थानो में 06 अभियोग पंजीकृत है।

#### परवेज ने बरेली में भाइयों संग कर दी थी पुलिसकर्मी की हत्या

रामपुर। पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गए परवेज पर चाहे कम मामले दर्ज हों लेकिन वह एक शातिर अपराधी है। गोकशी के दौरान अगर कोई विरोध करता है तो वह उसकी जान लेने में भी पीछे नहीं रहता हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं बल्कि उसका रिकार्ड बता रहा है। बताते हैं कि वर्ष 2018 में परवेज अपने भाइयों के साथ बरेली जिले में वर्ष 2018 में थाना कलेक्टर गंज में गोकशी कर रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि उसने अपने भाइयों के साथ मिलकर एक सिपाही संजीव की हत्या कर दी। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है।

दोनों अपराधी काफी शातिर हैं। गश्त के दौरान जब इनको रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक सिपाही विशाल घायल हो गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई तो लालू उर्फ मुकर्रम पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल सिपाही और अपराधी को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि एक अपराधी परवेज पुलिस कर्मी की हत्या में भी शामिल था। दोनों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

**पवन कुमार शर्मा, गंज कोतवाली प्रभारी**

# रामपुर रजा पुस्तकालय ऐतिहासिक संस्थान ही नहीं बल्कि भारत की पहचान : डॉक्टर पुष्कर मिश्र

## रजा लाइब्रेरी में हुआ हिंदी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** एशिया की मशहूर रजा लाइब्रेरी में मंगलवार को हिंदी सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कार्यसूची के सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया और उन्हें सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय केवल एक ऐतिहासिक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की बहुभाषिक, बहुसांस्कृतिक और ज्ञानपरंपरा का जीवंत प्रतीक है। आज की यह बैठक हमारे उस दीर्घकालिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करती है, जिसके अंतर्गत हम पुस्तकालय को एक अंत. रराष्ट्रीय स्तर के शोध एवं ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं। हिंदी सलाहकार समिति का गठन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल हिंदी भाषा के संवर्धन में सहायक होगी, बल्कि विभिन्न भारतीय एवं वैश्विक भाषाओं के बीच सेतु निर्माण का कार्य भी करेगी। उन्होंने आगे कहा कि बहुभाषिक अनुसंधान संस्थान और अनुवाद केंद्र की स्थापना से ज्ञान की सीमाएं समाप्त होंगी और विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध अमूल्य साहित्य को एक व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सकेगा। आधुनिक भाषा प्रयोगशाला के माध्यम से हम परंपरागत ज्ञान को नवीन तकनीकी संसाधनों से जोड़ते हुए शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विद्वानों के लिए एक सशक्त एवं अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे। भारतीय भाषाओं के अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण की दिशा में हमारे प्रयास न केवल भाषाई पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेंगे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा और शोध के नए द्वार भी खोलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकालय में संरक्षित बहुमूल्य पांडुलिपियाँ हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनका वैज्ञानिक संरक्षण, आलोचनात्मक संपादन और बहुभाषिक अनुवाद अत्यंत आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस ज्ञान-संपदा से लाभान्वित हो सकें। बैठक में प्रमुख रूप से पुस्तकालय में एक बहुभाषिक अनुसंधान संस्थान स्थापित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एक अत्याधुनिक भाषा प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई, जो ऑडियो-विजुअल तकनीकों, डिजिटल संसाधनों एवं बहुभाषिक डेटाबेस से सुसज्जित होगी। बैठक में प्रो. मधु चतुर्वेदी, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, प्रो. प्रकाश चंद्र गिरी, डॉ. विवेकानंद उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# डीएम आवास के अंदर लगे ट्रांसफार्मर पर लगी भीषण आगे, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गर्मी का सितम अब अपने चरम पर पहुंच रहा है। ट्रांसफार्मर भी दगा देने लगे हैं। आए दिन कहीं न कहीं पर ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं सामने आ रही हैं। नतीजा यह है कि लोग गर्मी से जूझने को परेशान हैं। अगर आप बिजली कर्मियों से बात करेंगे तो वह ओवरलोड या फिर मरम्मत की बात कह देंगे। आज तो डीएम आवास के अंदर लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। कुछ ही देर में वह धूं-धूंकर जलने लगा। इसके बाद वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ ही राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर बिग्रेड कर्मी दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गर्मी शुरू होन के साथ ही हर साल बिजली का रोना शुरू हो जाता है। गर्मी पड़ते ही बिजली अधिकारियों को लाइन मरम्मत करने का ध्यान आता है। इस बहाने रोजाना घंटों बिजली गुल कर दी जाती है। इसके अलावा कब अघोषित कटौती हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। भीषण गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं और अधिकारियों को इस संबंध में कोई चिंता नहीं हैं। आज तो डीएम आवास के अंदर लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया। कुछ देर ही वह धूं-धूंकर जलने लगा। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को जब इसकी जानक. ारी हुई तो होश उड़ गए। आग का आलम यह था कि लोग दूसरे रास्ते से जा रहे थे। सुरक्षा कर्मियों द्वारा सूचना मिलने पर बिजली व दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दो गाड़ियों की मद्द से दमकल कर्मियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। इस दौरान जौहर मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# गजब: शिक्षिका का तबादला वापस स्कूल में करने के लिए बच्चे पहुंचे डीएम के पास

## बोले, शिक्षिका का तबादला होने से हमारी पढ़ाई हो रही है प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अगर शिक्षक वास्तव में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मन से पढ़ाए और उनकी बात सुनें, तो बच्चे भी उनके लिए सब कुछ करने को तैयार रहते हैं। कुछ ऐसा ही मशहूर है बिहार के खान सर के बारें में। धर्म कोई भी हो लेकिन उन्होंने शिक्षा को अपना धर्म बना लिया है। नतीजा हर धर्म-समुदाय के लोग आज उनका सम्मान करते हैं। कुछ ऐसा ही अपने जिले में भी आज देखने को मिला। शिक्षक आते हैं और तबादला होने पर चले जाते हैं। शायद ही कोई ऐसा शिक्षक होता होगा, जिसके लिए बच्चे रोने के साथ ही धरना-प्रदर्शन करने के लिए तैयार हो जाते हैं। आज कलेक्ट्रेट में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। ब्लॉक सैदनगर के ग्राम सींगनी के एक सरकारी स्कूल के बच्चे कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां पर उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर स्कूल में तैनात शिक्षिका को वापस बुलाने की मांग की। बच्चों का कहना था कि शिक्षिका के जाने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

इस स्कूल में पढ़ने वाले तमाम बच्चे आज कलेक्ट्रेट पहुंचे और यहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बच्चों का कहना था कि उनके स्कूल में राशि सक्सेना सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात थीं। उनके कार्यकाल में स्कूल में पढ़ाई का स्तर काफी बेहतर था। बाद में उनका तबादला एआरपी में कर दिया गया। जिस कारण वह स्कूल छोड़कर चली गईं। बच्चों का कहना था कि राशि सक्सेना के जाने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पत्र देकर उनको वापस स्कूल में भेजने की मांग कर चुके हैं। हर बार आश्वासन तो मिलता है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। बच्चों ने डीएम से अपने भविष्य का हवाला देते हुए शिक्षिका राशि सक्सेना का तबादला फिर से स्कूल में करने की मांग की है। इस मौके पर कासिम, अंश, अमित, पलक, पूजा, अलीशा, फाजिल और अलशिफा आदि बच्चे मौजूद रहे।

# सात माह पहले हुई युवक की मौत, अब होगा पोस्टमार्टम

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, शव कब्र से निकालकर भेजा गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में सात माह पहले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उस वक्त परिजनों ने बीमारी की बात कहते हुए शव को दफन कर दिया था लेकिन अब परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की। बताया जाता है कि परिजनों ने इस संबंध में मृतक की पत्नी समेत कई के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। परिजनों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए आज शव को कब्र से खोदकर निकाला गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला करीब सात माह पहले अजीमनगर थाना क्षेत्र में हुआ था। थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा टांडा निवासी सुलेमान की करीब सात माह पहले अजीमनगर में दुकानें बन रही थी। घटना के दिन ठेकेदार का फोन आया कि काम पूरा हो चुका है आकर देख ले। इसके बाद सुलेमान मौके पर पहुंच गया था। कुछ समय बाद वहां पर काम करने वाले मिस्त्री ने सूचना दी कि सुलेमान की हालत काफी खराब है और वह बेहोश पड़े हैं। इसके बाद परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंच गए थे और उसे अस्पताल लेकर गए। जहां पर डाक्टरों ने सुलेमान को मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। बताते हैं कि उस वक्त स्वभाविक मौत मानते हुए परिजनों ने शव को दफन कर दिया था। हालांकि इस घटना के कुछ समय बाद ही सुलेमान की पत्नी अपने मायके चली गई थी। जिस पर मृतक के परिजनों को शक हुआ और वह लोग हत्या की बात कहने लगे। इस संबंध में परिजनों ने अजीमनगर थाने में शिकायत करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आज शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बदलाव के दौर में महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है : रानी कामिनी सिंह

## - मोमिनपुर अहमदाबाद गांव में मेहरबान अली के आवास पर बैठक का आयोजन

### - चमरौआ विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह ग्रामीण, इसलिए विकास की ज्यादा जरूरत : नवेद मियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्योहारा की रानी कामिनी सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अब स्वरोजगार और कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करोड़ों महिलाएं डिजिटल साक्षरता और बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर अपना छोटा व्यवसाय चला रही हैं। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव ला रही है।

मंगलवार को चमरौआ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद पहुंची रानी कामिनी सिंह, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और उनकी पत्नी बेगम यासीन अली खां उर्फ शाहबानो का युवा नेता मेहरबान अली के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने महिलाओं से से बातचीत की। महिलाओं को सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प जैसे क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अब बदलाव का दौर है यह बदलाव न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहा है। पूर्व मंत्री नवेद मियां ने कहा कि चमरौआ जिले की एक मात्र विधानसभा ऐसी है जो पूरी तरह ग्रामीण क्षेत्र है। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र को विकास की ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग बहुत अच्छे हैं। नूर महल को हमेशा ही इस क्षेत्र का प्यार और साथ मिलता रहा है। आगे भी यह रिश्ता कायम रहेगा। इस मौके पर गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खां, पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां, ग्राम प्रधान उमेश कुमार सिंह, इब्राहिम खां, नाजिम अली समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। युवा नेता मेहरबान अली ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# बाल मजदूरी रोकने को चला अभियान, नौ को किया रेस्क्यू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बाल मजदूरी रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर श्रम विभाग, जिला चाइल्डलाइन व पुलिस ने मिलकर एक अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने नौ बच्चों का रेस्क्यू किया। साथ ही चेतावनी दी कि बाल मजदूरी करवाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (2016 संशोधन के साथ) एक केंद्रीय कानून है जो 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सभी प्रकार के व्यवसायों में काम करने से पूरी तरह प्रतिबंधित करता है। यह 14-18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों में काम करने से रोकता है और दोषी नियोक्ताओं के लिए भारी जुर्माने व जेल का प्रावधान करता है। इसके बाद भी आप दुकान व होटलों पर बच्चों को मजदूरी करते हुए देख सकते हैं। समय-समय पर स्थानीय स्तर पर अभियान चलाया जाता है लेकिन बाद में हालात फिर वहीं हो जाते हैं। खुलेआम बच्चों से होटल, ढाबों या फिर दुकानों में मजदूरी कराई जा रही है। मंगलवार को फिर टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों पर बाल मजदूरी कर रहे नौ बच्चों का रेस्क्यू किया। संबंधित लोगों को चेतावनी दी कि अगर बाल मजूदरी करवाई तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह पुलिस लाइन पहुंचे। परेड की सलामी लेने के बाद उन्होंने लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। परेड के निरीक्षण के दौरान एएसपी ने मौजूद महिला प्रशिक्षुओ एवं कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चेक किया और अनुशासित रहने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने भोजनालय का निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता चेक करने के साथ ही नियमित कितने पुलिस कर्मियों का भोजन बनता है, इसकी जानकारी ली। इसके अलावा रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा और आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने समीक्षा के दौरान विवेचकों से लंबित विवेचना समय से निपटाने के आदेश दिए। वहीं उन्होंने गणना के दौरान लाइन में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए।

# कूड़े के ढेर से उठने वाली बदबू से परेशान हो रहे लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** तोपखाना गेट पर रहने वाले तमाम बाशिंदें आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मोहल्ले में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे हैं, जिससे उठने वाली बदबू से लोग परशान हैं। बाद में उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर सफाई कराने की मांग की। समाजसेवी अब्दुल्ला पाशा के नेतृत्व में तोपखाना गेट पर रहने वाले तमाम लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सभी ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि हमारे घरों के सामने शहर भर का कूड़ा पड़ता है। जिस कारण इतनी दुर्गंध आती है कि लोगों का रहना मुनासिब नहीं हैं। केमिकल युक्त कूड़ा पड़ने से लोगों की सेहत को खतरा बना हुआ है। इसके अलावा मोहल्ले में पानी निकासी की कोई सुविधा नहीं हैं। जगह-जगह गंदे पानी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मोहल्ले वालों को काफी परेशानी हो रही है। इसके बाद उन्होंने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन देकर सफाई कराने की मांग की। बताते चलें कि अब्दुल्ला पाशा वार्ड नंबर 15 से जिला पंचायत सदस्य के पद पर खड़े होने की तैयारी में हैं। जिस कारण वह क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे हैं। इस मौके पर साजिद, वाजिद अली, भोला, आदिल और जावेद आदि मौजूद रहे।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (व0ख0)
महोदय जनपद रामपुर
मूलवाद सं0-62/2026
रजनीश कुमार बनाम राजेन्द्र आदि
सम्मन बनाम प्रतिवादीगण सं0-
1 ता 4 व 7,8

1-राजेन्द्र व्यस्क पुत्र आनन्द प्रसाद (प्रतिवादी सं0-1)
2- नैतिक आर्य व्यस्क पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद (प्रतिवादी सं0-2) निवासीगण ग्राम रौराकला तहसील मिलक जनपद रामपुर
3- पवन कुमार व्यस्क पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला नसीराबाद तहसील मिलक जिला रामपुर। (प्रतिवादी सं0-3)
4-मनोज कुमार व्यस्क पुत्र श्री रूपकिशोर निवासी मोहल्ला शाहूजी नगर मिलक तहसील मिलक जिला रामपुर (प्रतिवादी सं0 4)
5-मोहित शर्मा व्यस्क पुत्र श्री श्यामपाल निवासी ग्राम हरैया तहसील मिलक जिला रामपुर (प्रतिवादी सं0-7)
6- हिमांशु व्यस्क पुत्र श्री सोमपाल निवासी ग्राम रौराखुर्द तहसील मिलक जिला रामपुर (प्रतिवादी सं0-8)

हरगाह उपरोक्त नामांकित वादी ने आपके विरूद्ध स्थायी निषेधाज्ञा हेतु दावा दायर किया है लिहाजा आपके लिए हुक्म होता है कि बातारीख हस्बेजेल का असालतन या मार्फत जो हालात मुकदमा से करार वाकई किया गया है और जो कुल अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके पास कोई शक्स हो जो जवाब ऐसे हालात दे सके हाजिर हों और जबाबदेही करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपनी जबाबदेही इसनेदयाल करना चाहते हैं पेश करें। अतः आपको इत्तलाह दी जाती है कि अगर आप बरोज गजकुर आप हाजिर न होगें तो दावा/नालिश आपकी गैर हाजिरी मे एक तरफा निस्तारित होगा

दस्तखत मेरे मोहर के आज बतारीख 27.04.2026 को जारी किया गया।
नियत तारीख - 04.05.26
सिविल जज (व0ख0) रामपुर।

# बाईपास से गुजर रही हैं रोडवेज बसें, यात्री हो रहे परेशान

## कांग्रेसियों ने रोडवेज विभाग के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भीषण गर्मी में बाईपास से रोडवेज बसों के गुजरने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। यात्री बसों के इंतजार में स्टैंड या फिर हाईवे किनारे खड़े रहते हैं। इस समस्या को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने रोडवेज के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बसों को शहर के अंदर से निकालने की मांग की है। मंगलवार को जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी माल गोदाम स्थित बस स्टैंड पहुंचे और यहां पर उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि अधिकतर रोडवेज बसें बाईपास से होकर गुजर जाती हैं। जिस कारण भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वह लोग घंटों धूप में बस का इंतजार करते रहते हैं। केवल मौजूदा समय में लोकल रूट की बसें यहां से गुजरती हैं। जबकि लंबे रूट की बस बाईपास से निकल जाती है। इससे जहां यात्रियों को परेशानी हो रही है तो वहीं राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। उनका कहना था कि बसों के संचालन में प्रभावी निगरानी न होने के कारण चालक मनमानी कर रहे हैं। इसका फायदा अवैध डग्गामार वाहन चालक उठा रहे हैं। वह लोग अधिक किराया वसूल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर लंबी दूरी की बसों का संचालन शहर के अंदर से किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह लोग धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसके बाद सभी ने रोडवेज अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर जमील मियां, मोहम्मद जकी, इमरान अली, राजेश कुमार लोधी, चितरंजन श्रीवास्तव, असलम खां, आमिर खां, सरताज और कपिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## शाहबाद में बनेगा बाईपास: 65-70 करोड़ की लागत से जाम से मिलेगी निजात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शहर को जल्द ही जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। लोक निर्माण विभाग शहर के बाहर एक बाईपास बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 65 से 70 करोड़ रुपये होगी।यह बाईपास लगभग 7 किलोमीटर लंबा होगा। यह शाहबाद के रामपुर रोड से शुरू होकर बिलारी रोड पर मिलेगा, जो शहर से गुजरने वाले सभी स्टेट हाईवे और मुख्य मार्गों को जोड़ेगा।बाईपास के निर्माण से दैनिक जाम से राहत मिलेगी और सड़क हादसों में भी कमी आने की उम्मीद है।इस परियोजना के लिए किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार, बाईपास का विस्तृत अनुमान एस्टीमेट तैयार हो चुका है और इसे मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। विभाग के जेई ने पुष्टि की है कि 7 किलोमीटर लंबे इस बाईपास के निर्माण में भूमि अधिग्रहण सहित 65 से 70 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

## स्वार के मोहल्ला अगलगा में मौत का खुला निमंत्रण दे रहा ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर के मोहल्ला अगलगा में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मोहल्ले के घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर पूरी तरह से असुरक्षित और खुला पड़ा है। ट्रांसफार्मर के चारों ओर न तो कोई जाली लगाई गई है और न ही कोई सुरक्षा घेरा बनाया गया है, जिससे हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। मोहल्ला वासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर बिल्कुल जमीन के करीब और रास्ते के किनारे रखा है। इस कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों, विशेषकर छोटे बच्चों के लिए यह श्डेथ ट्रैपश साबित हो रहा है। खेलते समय कई बार बच्चे अनजाने में इसके करीब पहुंच जाते हैं, जिससे उनकी जान पर बन आती है।



स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूर्व में भी कई मवेशी इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन विभाग फिर भी गहरी नींद में सोया हुआ है।

क्षेत्रीय लोगों ने कई बार बिजली घर पर जाकर इसकी शिकायत की और ट्रांसफार्मर की फेंसिंग घेराबंदी कराने की मांग की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। स्थानीय निवासी जैद खान और राहुल कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर को सुरक्षित नहीं किया गया, तो वे विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।ट्रांसफार्मर के तार नीचे लटके हुए हैं और स्विच भी खुले में हैं। छोटे बच्चे गलियों में खेलते हैं, हमें हर वक्त डर लगा रहता है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए।मोहल्ले वासियों बिजली विभाग से तुरंत जाली लगवाने और ट्रांसफार्मर को ऊंचा करने की अपील की है।

## स्त्री कर रही महिला को लगा करंट, मौत, मंगलवार को हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद।** क्षेत्र के ग्राम चतरपुर में एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई थी। मृतका राम बहादुर की पत्नी रूपवती (35) थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम रूपवती अपने इकलौते बेटे के कपड़े पर प्रेस कर रही थीं, तभी अचानक प्रेस में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गईं। करंट लगते ही उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल उन्हें चिकित्सक के यहाँ लेकर पहुँचे, जहाँ चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से परिवार और गाँव में शोक की लहर दौड़ गई।

मंगलवार की सुबह रूपवती का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्राम प्रधान रमेश चंद्र सहित गाँव के अनेक लोग शामिल हुए और परिवार के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त कीं।

## शाहबाद में सड़क दुर्घटना: बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में गुलरिया कला निवासी बंटी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना नवाबपुरा के पास तिगरी मंदिर के समीप हुई, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।बंटी अपनी मोटरसाइकिल से लोधीपुर जा रहा था। नवाबपुरा के पास तिगरी मंदिर के पास पहुंचने पर सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बंटी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। उसके एक पैर की हड्डी भी फ्रैक्चर हो गई।ग्रामीणों ने तत्काल घायल बंटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भाजपा मिलक विधानसभा प्रशिक्षण संपन्न, आगामी चुनावो के लिए बूथ प्रबंधन गुर सिखाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय मिलक विधानसभा प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को संपन्न हो गया। शाहबाद कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन के मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन देवकरण गंगवार, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि और सुभाष भटनागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की रीति-नीति, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाए। इसी को लेकर के बूथ प्रबंधन के गुर




सिखाए। प्रशिक्षण अभियान 7 मार्च से शुरू होकर 28 अप्रैल तक डेढ़ माह तक मंडल एवं विधानसभा स्तर पर चला। इस मौके पर बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जिला कार्यकारणी सदस्य अनुभव शर्मा, रेनू श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, अर्पित वशिष्ठ, अमित चंद्रवंशी, राजवीर सिंह यादव, रोहित कुमार एडवोकेट, नामित सभासद नरेश कुमार शर्मा, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता आदि रहे।

## दिव्यांगों ने डीएम से लगाई गुहार, सरकारी योजनाओं का लाभ, दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत नरपत नगर की दिव्यांग कल्याण समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग उठाई। समिति का कहना है कि पात्र होने के बावजूद कई दिव्यांग अब तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

समिति के बैनर तले नरपत नगर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एकत्र हुए। इसके बाद सभी लोगो ने रामपुर पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के अनेक दिव्यांगों को अभी तक अंत्योदय राशन कार्ड जारी नहीं किए



गए हैं। इसके अलावा पात्र दिव्यांगों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल सका है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि दिव्यांगजनों के लिए घोषित मुफ्त बिजली कनेक्शन योजना का लाभ भी स्थानीय स्तर पर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर पात्र लोगों को शीघ्र सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शमीम अहमद, इरफान अहमद, सरफराज, रिफाकत, शहनाज, शाहिद, राशिद और हाशिम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर लोकसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण देने संबंध संविधान संशोधन प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा गिराए जाने के विरोध में सोमवार को भाजपा की ओर से जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया इसमें स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धार्मिकता के खिलाफ अपना आक्रोश सत्या पदयात्रा के रूप में मदर इंडिया कॉलेज से धनोरी चौराहे तक पहुंच कर समाप्त हुई जिसमें केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लोकसभा में 33% आरक्षण का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन विपक्ष ने धार्मिकता दिखाते हुए उसे गिरा दिया इसी उपलक्ष्य में विरोध स्वरूप यह पदयात्रा निकाली गई इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, पंकज सैनी,दिलीप अरोड़ा,हेमलता मौर्य, उषा रानी, कमला आर्य, रिशु वाला, पूनम मौर्या, नीतू रानी,पूनम सैनी,अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, राजीव वर्मा ,सूरज वाल्मीकि,जानकी प्रसाद, दीपक चंद्र, ओम प्रकाश राणा, हरीश मौर्य, मदनलाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

## अवैध निर्माण पर गरजी पालिका की जेसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। नगर पालिका परिषद एवं तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम के तत्वाधान में शहर के वार्ड संख्या 16, मोहल्ला मदरसा कोहना क्षेत्र में स्थित सरकारी-नजूल भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की गई। एसडीएम सदर गौरव दिृवेदी ने बताया कि उक्त भूमि अभिलेखों में गाटा संख्या 384 के भाग के रूप में दर्ज है। जिस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर चहारदीवारी का निर्माण करा प्लाटिंग कर विक्रय किए जाने की शिकायत



प्राप्त हुई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद और तहसील प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए निर्मित चहारदीवारी को ध्वस्त कराया गया और नजूल भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। कार्यवाही के दौरान संबंधित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अधिकारियों दृारा भूमि पर पुन: अवैध कब्जा करने की भी चेतावनी दी गई। नगर पालिका परिषद एवं प्रशासन द्वारा बताया गया कि सार्वजनिक एवं धार्मिक अभिलेखों में दर्ज भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा-निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक सप्ताह बाद भी पिंजरा खाली कैद नहीं हो सका तेंदुआ ग्रामीणों में बड़ी दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी:** क्षेत्र के कुंदनपुर स्थित भूढ़िया फॉर्म में तेंदुए की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा लगाया गया पिंजरा खाली पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पूर्व कुंदनपुर के जंगल में तेंदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया था। खेत में पड़े अवशेष देखकर किसानों के होश उड़ गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी तेंदुआ कई पशुओं को निशाना बना चुका है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके



पर पहुंची और जंगल में तेंदुए के पदचिह्न भी तलाश किए। पदचिह्न मिलने के बाद विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया और उसमें शिकार के रूप में अवशेष भी रखे गए। हालांकि, एक सप्ताह बीतने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है। लोगों का कहना है कि तेंदुए के लगातार सक्रिय रहने से खेतों में काम करने जाना भी खतरे से खाली नहीं है। खासकर सुबह और शाम के समय ग्रामीणों में ज्यादा डर बना हुआ है। उधर, वन दरोगा कुलबीर सिंह का कहना है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है और टीम सतर्क है। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और जंगल की ओर अकेले न जाने की अपील की है।

## घर के बंटवारे को लेकर दो भाई भिड़े, शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी:** क्षेत्र के ग्राम सीतारामपुर में मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। समय रहते कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव सीतारामपुर में प्रमोद (28) और जयकिशन (35) अपने भाई गोपीचंद के साथ मकान के बंटवारे को लेकर विवाद कर रहे हैं और झगड़े की स्थिति बनी हुई है।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत नहीं हुए और विवाद बढ़ता चला गया। स्थिति को गंभीर होता देख पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रमोद और जयकिशन को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में संबंधित धाराओं के तहत चालान किया गया है। साथ ही, उन्हें न्यायालय में पेश कर पाबंद करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया जाता, तो मामला गंभीर रूप ले सकता था।

## डीएम ने बाढ़ से बचाव व हीटवेव को लेकर की बैठक

■ **अधिकारियों को सभी विभागों से समन्वय करते हुये कार्य योजना को बनाने के निर्देश दिए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप तथा हीटवेव के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम द्वारा बाढ़ से बचाव एवं लू के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय करते हुये कार्य योजना को बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिये गये।

उन्होंने कहा कि एक समग्र बाढ़ प्रबंधन योजना तैयार की जाए। जनपद की भौगोलिक स्थिति व बाढ़ की ऐतिहासिक प्रवृत्ति का आंकलन करते हुये नदी तटों, तटबंधों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर पूर्व तैयारी कर ली जाये। तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी चैनलों की सफाई, सिल्ट सफाई इत्यादि कार्य समय से कर लिये जाये। संसाधनों (भौतिक व मानव दोनों)/उपकरणों की सूची का अपडेशन किया जाए। प्रत्येक बाढ़ प्रभावित गांव की स्थानीय जोखिमों, प्राथमिक संपर्क व निकासी मार्गों की सूची, प्रधान/आशा/ एएनएम, कोटेदार, लेखपाल, पंचायत सचिव की सूची अपडेट की जाये तथा सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा की जाए। ग्राम स्तरीय स्वयंसेवकों की पहचान करते हुये उनका प्रशिक्षण कराया जाये। राहत केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि का चिन्हांकन करते हुये समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार किट, मोबाइल



मेडिकल टीमों का गठन कर लिया जाये। प्राथमिक स्वास्थ्य कर्मियों, राहत शिविर संचालकों का तकनीकी प्रशिक्षण करा लिया जाये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये। आवश्यक दवाओं, 108/102 एम्बुलेंस एवं 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। सर्पदंश एवं बिच्छू दंश हेतु आवश्यक इंजेक्शन एवं दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो। महिला कर्मचारियों के माध्यम से महिलाओं में सैनेटरी नैपकिन का वितरण तथा उचित डिस्पोजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

ड्रेनेज क्लीनिंग, कचरा प्रबंधन, महामारी आदि के नियंत्रण की तैयारी, मच्छरों व वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक का छिड़काव कराया जाये। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। प्रत्येक 25 व्यक्तियों पर एक शौचालय की व्यवस्था की जाये। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक शौचालय एवं स्नानघर की व्यवस्था हो। शौचालयों की नियमित सफाई सुनिक्षित की जाये। संबंधित विभागों से समन्वय कर बाढ़ शरणालय में मच्छरों व वेक्टरजनित बीमारियों से बचाव हेतु नियमित कीटनाशक दवाइयों, चूना आदि का छिड़काव किया जाये। पशु राहत शिविर में रहने वाले पशुओं को उक्त वर्णित धनराशि के प्राविधान से दिन में न्यूनतम 02 बार चारा-पानी उपलब्ध कराया जाये। पशु कैम्प में रहने वाले पशुओं को प्रतिदिन रजिस्टर में अंकित किया जाये। पशुओं को होने वाले चारा वितरण की दिनांकवार फोटो ली जाये तथा कितना चारा कितने पशुओं को वितरित किया गया, इसका पूर्ण विवरण रखा जाये।

उन्होंने नगर निगम, नगर पालिका/पंचायत को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में प्याऊ एवं शीतल जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति नियमित रूप से संचालित रहे। मानक के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा तारो को चैक करा लिया जाये। सब स्टेशन की सूचना रखी जाये। बाढ़ राहत के सभी निर्देशो का शत-प्रतिशत पालन किया जाये। आग लगने के बारे में जनजागरूकता तथा आग लगने पर तत्काल राहत कार्य किया जाये। उन्होंने परीक्षितगढ़ के पास फायर स्टेशन बनाये जाने हेतु जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिये। सीएमओ को निर्देशित किया गया कि सभी सीएचसी/पीएचसी पर बाढ़ के संबंध में पूर्व में ही तैयारी कर ली जाये।

## सात माह बाद कब्र से निकाला गया युवक का शव, डीएम के आदेश पर होगा पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर ।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामले में प्रशासन ने मौत के सात महीने बाद युवक के शव को कब्र से बाहर निकाला है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के विशेष आदेश पर की गई है, ताकि युवक की संदिग्ध मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेड़ा टांडा गांव का है। यहाँ के निवासी 26 वर्षीय सुलेमान की करीब सात माह पूर्व अजीमनगर चौराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे थे और आनन-फानन में शव को लेकर अपने घर चले गए थे। उस समय मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया था कि शव का पोस्टमार्टम (पीएम) कराया जाए ताकि भविष्य में किसी भी विवाद





या संदेह की स्थिति न रहे, लेकिन परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्यवाही से साफ इनकार कर दिया और बिना पीएम कराए ही शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था।

समय बीतने के साथ मामले में संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए जिलाधिकारी ने न्यायहित में शव का दोबारा परीक्षण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में मंगलवार सुबह भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम कब्रिस्तान पहुंची।

मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने सुलेमान के शव को कब्र से बाहर निकलवाया। इस दौरान गांव में काफी गहमागहमी का माहौल रहा। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरा और उसे तुरंत पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सुलेमान की मौत की असली वजह साफ हो पाएगी। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझ सके और यदि कोई साजिश हो, तो उसका पर्दाफाश किया जा सके।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में लगी भीषण आग

■ **पुआल से लदी थी टैक्ट्रर ट्रॉली, सतर्कता से टला बड़ा हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया, लोकप्रिय इंटर कॉलेज के पास पुआल से भरी एक ट्रॉली अचानक आग की चपेट में आ गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।

घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की बताई गई है, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ओवरलोड पुआल से भरा ट्रेलर जैसे ही हाई टेंशन लाइन के नीचे से गुजरा, वह लाइन से टकरा गया।

संपर्क होते ही ट्रॉली में तेजी से आग भड़क उठी। ट्रेलर पर सवार लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत नीचे कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटों के चलते कुछ देर तक इलाके में हड़कंप की स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के एसडीओ ने स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्रेलर को निकालने से पहले लाइन का शटडाउन लिया गया था, हालांकि एसडीओ ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी प्रकार का शटडाउन नहीं किया गया था। फिलहाल इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन हादसे ने हाई टेंशन लाइनों की सुरक्षा व्यवस्था और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल फाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा

**सान्या।** सामी फैल अल-बुलुशी ने हैट्रिक बनाई, जिससे ओमान ने यहां एशियाई बीच गेम्स के बीच सॉकर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को एक्स्ट्रा टाइम के बाद 5-4 से हरा दिया। बुधवार को होने वाले फाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में फलीस्तीन को 9-1 से हराया। सऊदी टीम 3-1 से पिछड़ने के बाद तीसरे पीरियड में वापसी करते हुए स्कोर 4-4 से बराबर करने में कामयाब रही, मैच एक्स्ट्रा टाइम में चला गया, अल-बुलुशी ने बाइसाइकिल किक के जरिए हैट्रिक पूरी की।

### ज्वेरेव ने मैड्रिड में 9वीं जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहेद्ध उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, ज्वेरेव ने खुद को संभाला और जीत हासिल की।

### चीन ने कड़ी चुनौती पर जीत हासिल की

**होरसेंस द्धडेनमार्कत्र।** चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने 2026 थॉमस और उबेर कप फाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

# पंजाब ने राजस्थान को 223 का टारगेट दिया

## 20वें ओवर में 24 रन आए, प्रभसिमरन-स्टोयनिस ने फिफ्टी लगाई

**न्यू चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 40वें मैच में राजस्थान रायल्स को 223 रन का टारगेट दिया। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन बनाए।

मार्कस स्टोयनिस ने 62 और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 30 रन बनाए। राजस्थान की ओर से यशराज पुंजा ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने एक-एक विकेट झटके। मार्कस स्टोयनिस ने पंजाब की पारी के 20वें ओवर में 24 रन बनाए। उन्होंने बृजेश शर्मा की आखिरी 5 बाल पर लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। दूसरी बाल पर चौका के सहारे पंजाब की टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर



लिया। फिर अगली दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाकर फिफ्टी भी पूरी की। 18वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने 00 रन खर्च कर दिए। उनके आखिरी ओवर में मार्कस स्टोयनिस ने दूसरी बाल पर छक्का और तीसरी बाल पर चौका लगाया। बर्गर ने अपने कोटे के चार ओवर में 59 रन खर्च कर दिए। उन्हें आखिरी बाल पर श्रेयस अय्यर का विकेट मिला। श्रेयस को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। अय्यर 30 रन बनाकर आउट हुए। 15वें ओवर में पंजाब ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। श्रेयस अय्यर ने रवींद्र जडेजा के ओवर की आखिरी बाल पर दो रन लेकर टीम स्कोर डेढ़ सौ पार कराया। 14वें ओवर की आखिरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर प्रभसिमरन सिंह 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यशराज पूंजा ने कप्तान रियान पराग के हाथों कैच कराया। पूंजा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने कूपर कोनोली को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की तीसरी बाल पर प्रभसिमरन सिंह ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने डीप मिडविकेट पर सिंगल लिया और 35 बाल पर अर्धशतक लगाया। प्रभसिमरन ने इस सीजन चौथी हाफ सेंचुरी लगाई है। 9वें ओवर की दूसरी बाल पर यशराज पूंजा ने कूपर कोनोली को कैच आउट कराया। उन्हें डोनोवान फरेरा कैच किया। पूंजा को आईपीएल में पहला विकेट मिला है। कोनोली 30 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर में कूपर कोनोली ने यश राज पूंजा की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी और तीसरी बाल पर सिक्स लगाया। कोनोली ने 8वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की 5वीं बाल पर छक्का लगाया। फिर आखिरी बाल पर चौका मारा। टॉस हारकर बैटिंग कर रही पंजाब की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने शुरुआती 6 ओवर के खेल में 65 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। छठे ओवर में नांद्रे बर्गर की पहली बाल पर प्रभसिमरन सिंह ने छक्का लगाया।

# भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे ऊपर पहुंचे

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को उनके आईपीएल 2026 घरेलू मुक़ाबले में 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन के चलते पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया।

मैच में सिर्फ 152 रन बने, लेकिन फिर भी ऑरेंज कैप की रैंकिंग में भी बदलाव हुआ। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार ने डीसी के खिलाफ 3-0-5-3 के आंकड़े दर्ज किए, जिसमें उनके तीनों विकेट पावरप्ले में आए और आरसीबी ने डीसी को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इसके साथ ही भुवनेश्वर अब पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। अंशुल कंबोज और इशान मलिगा की तरह भुवनेश्वर के भी 14 विकेट हैं, लेकिन उनका औसत 16-85, उन्हें कंबोज (16-92) और मलिगा (18-21) से आगे ले गया। आरसीबी के बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने डीसी के खिलाफ एक विकेट लेकर शीर्ष दस विकेट लेने वालों की सूची में जगह बनाई। उनके अब नौ विकेट हैं, जो कि कार्तिक त्यागी, जेमी ओवर्टन और वैभव अरोड़ा के बराबर हैं, लेकिन उनका औसत (26-55), अन्य तीनों से बेहतर है। जॉश हेजलवुड ने भी



■ गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन से पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया

भुवनेश्वर का साथ देते हुए पावरप्ले में तीन विकेट झटके, जिससे डीसी का स्कोर आईपीएल इतिहास के सबसे खराब पावरप्ले स्कोर 13/6 तक पहुंच गया। बाद में उन्होंने एक और विकेट लिया और 3-3-0-12-4 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उनके विकेटों की संख्या अब दोगुनी होकर आठ हो गई है और वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप विराट कोहली ने दिल्ली में 76 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 23 रन बनाए और आईपीएल में 9000 रन पूरे किए। इस पारी के साथ वह ऑरेंज कैप की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके 351 रन हैं, औसत 58-50 का है।

# हैदराबाद को रोकना मुंबई के लिए बड़ी चुनौती

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक जबरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुक. ाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है,बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके



आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहित शर्मा जैसे अनुभवी

■ इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच जबरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुकाबला होने वाला

खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी और स्ट्रोक-प्ले पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हालांकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं। शुरुआती विकेट लेने में नाकामी और बीच के ओवरों में विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफलता ने हाल के मैचों में टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है, अगर मुंबई को अपने अभियान को पटरी पर लाना है, तो इन कमियों को दूर करना बेहद जरूरी होगा। इसके ठीक विपरीत, हैदराबाद का अब तक का सीजन काफी मजबूत और लगातार अच्छा रहा है। आठ मैचों में पांच जीत के साथ, वे अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में मजबूती से जमे हुए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की राह पर अग्रसर दिख रहे हैं। टीम को एक आक्रामक और शानदार फॉर्म में चल रही बल्लेबाजी लाइन-अप से बल मिला है, जिसने बार-बार बड़े स्कोर खड़े किए हैं।

### करण और लक्ष्य स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट टूर्नामेंट में चमके

**नई दिल्ली।** तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी-20 डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी येलो और पीजीडीएवी ब्लू टीमों ने आसान जीत दर्ज की। करण सोनी की बेहतरीन बल्लेबाजी और हिमांशु सारंग अस्थाना व जय शर्मा की उम्दा गेंदबाजी से पीजीडीएवी येलो 9 ओवर में 142/0 ने आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज को 20 ओवर में 139/9 को एकतरफा मुकाबले में दस विकेट से हराया। परा. जित टीम के लिए वरुण भट्ट ने 33 और शौर्य भाटिया ने 32 रन बनाए। करण सोनी को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड एशिया कुराश रेसलिंग के महासचिव प्रवीण त्यागी ने दिया। एक अन्य मैच में लक्ष्य गोयल 136, 47 गेंद, और 44/2 व मंदीप सिह 80, 27 गेंद, और राहुल बाग 42, 13 गेंद, के शानदार खेल से पीजीडीएवी ब्लू 20 ओवर में 329/9 ने आर्यभट्ट कॉलेज 20 ओवर में 176/8 को 153 रनों से मात दी।

# भारत का उबेर कप में सफर खत्म

**होरसेंस (डेनमार्क)।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5-0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई।

भारत, जो डेनमार्क से 3-2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4-1 की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें - चीन और मेजबान डेनमार्क - आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिंधु ने सोमवार को शुरुआती सिंगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीई को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18-12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीई ने लगातार सात अंक बनाकर 21-16, 19-21,



21-19 से जीत हासिल कर ली। सिंगल्स में खेलने वाली अन्य दो भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी अपने विरोधियों को चुनौती दी, लेकिन ऊंची रैंकिंग वाले विरोधियों के सामने वे टिक नहीं पाईं। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी इशारानी बरुआ शुरुआती गेम में जीत के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन अंत में उन्हें पूर्व ओलंपिक चैंपियन और चौथी रैंकिंग वाली चेन युफेई के हाथों 22-20, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 43वीं रैंकिंग वाली देविका सिहाग को चीन की दुनिया की 97वें नंबर की खिलाड़ी जू वेनजिग के हाथों 19-21, 21-17, 21-10 से हार मिली। डबल्स में तनीषा क्रास्टो और कविप्रिया सेल्वम की जोड़ी ने लू जुमिन और झांग शुक्सियन के खिलाफ शुरुआती गेम जीत लिया था, लेकिन वे 10-21, 21-12, 21-19 से हार गईं। दूसरे डबल्स मैच में, प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा को लियू शेंगशू और टैन निग के हाथों 21-11, 21-8 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले उबेर कप में दो कांस्य पदक जीते हैं, 2014 व 2016 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर नहीं पाए: अक्षर

**नई दिल्ली।** शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू (आरस. ीबी) के खिलाफ उसी बल्लेबाजी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेजलवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाजी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ 16-3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ खराब बल्लेबाजी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और खराब किस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर



■ खराब बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि पिछले मैच की निराशा और खराब किस्मत को भी दोषी ठहराया

■ कहा: पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है, दस दौरान टीम में थोड़ी झिझक थी

आप देखोगे, तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके अलावा हमारी क़स्मित भी इस मैच में खराब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज सेट होकर आउट हुआ। यह हमारा खराब किस्मत ही था कि कोई भी बल्लेबाज पिच पर खड़ा ही नहीं हो पाया और पहले 15-16 गेंद (23 गेंद) में ही हमारे छह विकेट चले गए थे। यह खराब क़स्मित ही है और हमें यह दिन भूलकर आगे बढ़ना होगा।ष पिच के बारे में बात करते हुए अक्षर ने कहा, ष्यह पिच भी वैसे ही दिख रहा था, जैसा दो दिन पहले वाले मैच का था, जहां पर इतने सारे रन बने थे। बल्लेबाजों के बैक ऑफ द माइंड में भी लगभग यही रहा होगा कि वैसी ही उछाल होगी, वैसा ही पिच होगा। लेकिन आज हवा भी चल रही थी और यह रात का मैच था, इसकी वजह से मुझे लगता है कि शुरुआत में गेंदबाजों को ज्यादा स्विंग मूवमेंट मिला। इसके अलावा भुवी (भुवनेश्वर) और हेजलवुड विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं और कोई भी विकेट या ग्राउंड हो, उन्हें पहले दो ओवरों में स्विंग मिलेगा ही, लेकिन आज जिस तरह से उनको स्विंग मिल रहा था, उन्होंने अच्छा टप्पा डाला, जबकि बल्लेबाजों को लगा कि पिछले मैच की तरह गेंद इस मैच में भी अच्छा आएगा। इस चक्कर में एक-दो बल्लेबाज आउट हुए और टीम पर दबाव बन गया। यह विकेट बल्लेबाजों के लिए सडेन शॉक जैसा था, हालांकि मुझे लगता है कि एक प्रोफेशनल के रूप में हमें तैयार रहना चाहिए था। यह डीसी की इस सीजन आठ मैचों में पांचवीं हार थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत लगातार दो जीत से की थी, लेकिन इसके बाद से उनका प्रदर्शन लगातार नीचे ही गया है और अब उन्हें अपने प्ले ऑफ की संभावनाओं को बरक़रार रखने के लिए बहुत ही कम गलतियां करनी होंगी और इक्का-दुक्का मैच ही हारने होंगे। ऐसे में कप्तान अक्षर के ऊपर भी बड़ी जिम्मेदारी होगी, जो कि खुद गेंद और बल्ले दोनों से खराब फॉर्म और निरंतरता से जूझ रहे हैं। अब उन्हें इस टीम को दो लगातार तोड़ देने वाली हारों से उबारने की जिम्मेदारी है। इससे पहले डीसी को इसी सीजन गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी एक रन की निराश करने वाली हार मिली थी। अक्षर ने कहा कि एक कप्तान के रूप में मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी होती है और आपको ना सिर्फ खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ, बल्कि ओनरशिप के साथ भी मिलकर काम करना होता है।

# आर्यना की वापसी, नाओमी ओसाका को हराया

## एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद दिखाया दमखम

**मैड्रिड।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मियामी ओपन के चौथे दौर में जापान की नाओमी ओसाका को हराया और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई।

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने दो घंटे 20 मिनट में 6-7 1-7 6-3 6-2 से जीत हासिल करते हुए इस साल अपनी लगातार 15वीं जीत - और मैड्रिड में लगातार नौवीं जीत - दर्ज की। 27 वर्षीय सबालेंका ने 2023 के बाद से स्पेन की राजधानी में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन उन्हें शुरुआत में ही अपनी ही तरह चार बार की मेजर विजेता ओसाका से कड़ी चुनौती मिली, जो इस सीजन का अपना सबसे बेहतरीन टेनिस खेल रही थीं। सोमवार को अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में, अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा के



हाथों 4-6 6-1 6-7 (5-6) से हार का सामना करना पड़ा। गॉफ, जो पिछले साल मैड्रिड के फाइनल में सबालेंका से हार गई थीं, अंतिम सेट में 4-1 से आगे थीं और निर्णायक टाई-ब्रेक में भी 4-2 से बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन 13वीं वरीयता प्राप्त नोस्कोवा ने दो बार जोरदार वापसी करते हुए अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। पेट के वायरस के कारण अस्वस्थ चल रहीं अमेरिकी खिलाड़ी गॉफ जब नई विश्व रैंकिंग जारी होगी तो तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक जाएंगी, और उनकी जगह पोलैंड की इगा स्वियातेक ले लेंगी। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन ने पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में बेहद आक्रामक खेल दिखाया और तीसरे सेट में 21 वर्षीय नोस्कोवा की सर्विस को दूसरी बार तोड़ते हुए अगले दौर में पहुंचने की प्रबल दावेदार लग रही थीं। लेकिन दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी नोस्कोवा ने स्पेनिश दर्शकों के सामने शानदार वापसी की, जबकि गॉफ लड़खड़ा गईं, अब बुधवार को क्वार्टर-फाइनल में नोस्कोवा का मुकाबला यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक से होगा।

23 वर्षीय कोयुक ने अमेरिका की कैटी मैकनैली को 6-2 6-3 से हराकर अपनी लगातार नौवीं जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार मैड्रिड के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, सबालेंका मंगलवार को अमे. रिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट का सामना करेंगी, जिन्होंने अपने चौथे दौर के मैच में बेलिडा बेनसिक को 6-1, 6-7 द्ध14-16त्र, 6-3 से हराया था। पिछले महीने खिताब जीतने के अपने सफर के दौरान, उन्होंने मियामी ओपन के क्वार्टर-फाइनल में 24 वर्षीय बैपटिस्ट को हराया था।

# मोदी ने छह बीसीसीआई इन्डोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे उत्तर-पूर्वी भारत में छह अत्याधुनिक इनडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में आयोजित एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। यह खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीसीसीआई द्वारा विकसित ये अकादमियां रंगपो सिक्किम, दोइमुख अरुणाचल प्रदेश, इंफाल मणिपुर, मदनकुरक्लांग द्धमेघालयत्र, आइजोल मिजोरम और दीमापुर नागालैंड में स्थित हैं। ये सभी मिलकर पहला वास्तविक 'पैन-नॉर्थ-ईस्ट' पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को कवर करने वाला उच्च-प्रदर्शन क्रिकेट



इकोसिस्टम बनाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे क्षेत्र में समान रूप से वितरित और सभी के लिए सुलभ हो। उद्घाटन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के चेयरमैन जय शाह, बीसीसीआई के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि अन्य पांच उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के सचिव के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट इकोसिस्टम को मजबूत करना था। इन अकादमियों की आधारशिला शाह ने मई 2024 में रखी थी, जिसके साथ ही उत्तर-पूर्वी भारत में विश्व स्तरीय क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई थी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 29 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# गुटरेस की चेतावनी

आज सभी को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस की इस चेतावनी पर ध्यान देने की जरूरत है। जो उन्होंने संयुक्त राष्ट्रीय मुख्यालय में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के सदस्य देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज परमाणु अप्रसार संधि बेहद कमजोर पड़ रही है, क्योंकि सदस्य देशों की प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हो रही हैं और वैश्विक भरोसा लगातार घट रहा है। उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन साफ कहा कि विश्वास और विश्वसनीयता छिन्न हो रही है और परमाणु प्रसार की प्रवृत्तियां तेज हो रही हैं। गुटरेस के अनुसार दुनिया परमाणु हथियारों के खतरों को सामूहिक रूप से भूल रही है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भू राजनीतिक तनाव और सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन का लक्ष्य आज का नहीं है, बल्कि 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले प्रस्ताव से जुड़ा है। गुटरेस ने यह भी कहा कि मौजूदा समय में इस दिशा में हुई प्रगति गंभीर दबाव में है और एक बार फिर परमाणु हथियार की धमक सुनाई दे रही है। अविश्वास हावी है और कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं। ऐसा कहकर उन्होंने साफ कर दिया कि इस संबंध में अब तक जो प्रयास हुए हैं, वह नाकाफी साबित हुए हैं। उन्होंने एक सैनिक खर्च को लेकर बेहद चौंकाने वाला आंकड़ा भी पेश किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो विकास सहायता कार्यों से कहीं अधिक है और वैश्विक प्राथमिकताओं के असंतुलन को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कई दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है। जबकि कुछ देशों में परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने और परमाणु हथियार हासिल करने की चर्चाएं भी हो रही हैं। बड़ी बात जो उन्होंने कही है कि यह भ्रम ठीक नहीं है कि परमाणु हथियार सुरक्षा प्रदान करते हैं। यह सुरक्षा प्रदान नहीं करते, परमाणु युद्ध जीता नहीं जा सकता और न ही इसे लड़ा जाना चाहिए। दो सप्ताह तक चलने वाला यह एनपीटी सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों की नई प्रतिस्पर्धा की शंका बढ़ रही है और 1970 की एनपीटी संधि को मजबूत करने पर सहमति बनाना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। परमाणु अप्रसार संधि को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रहती हैं और सभी इस पर सहमत होते भी दिखाई देते हैं। अगर व्यक्तिगत रूप से देशों के व्यवहार की बात करें, तो हर कोई यह बयान देता दिखाई देता है कि सबको परमाणु अप्रसार संधि को लेकर गंभीर हो जाना चाहिए और शांति के लिए दुनिया में परमाणु हथियार के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन हो क्या रहा है, हर बड़ा देश अपने पास परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है, जिसमें अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस शामिल हैं तो वहीं देखा-देखी अन्य छोटे देश भी अपनी सुरक्षा के नाम पर परमाणु बम को किसी न किसी तरह हासिल करना चाहते हैं।

## आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी



समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे, बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और महिला सम्मान व नारी वंदन जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है, भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं, जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी, इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी, अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# शहरों का ढांचा बनाने वाले, बदहाली का जीवन जीने को मजबूर



कृति आरके जैन



भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती है जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ए हाथ ही वे अ.श्य निर्माता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएं और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पांच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत हैकृजीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद। 1 मई इस सच्चाई का स्मरण कराता है कि जिनके हाथों से दुनिया बनती है, उनकी आवाज कभी दबाई नहीं जा सकतीकृवह हर युग में उठती है और व्यवस्था की नींव हिला देने का सामर्थ्य रखती है।

यह मजदूर जिसे हम अनस्किल्ड कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। यह लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊंचाइयां इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल 'मजदूर' तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ए हाथ थम जाएं तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा। विकास की ऊंचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है।

करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं जहां पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुंचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है।

अब एआई का युग है। हम स्मार्ट सिटी, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स की बात करते हैं, लेकिन एआई भी कहीं न कहीं श्रमिकों की स्किल पर ही निर्भर है। यह डिजाइन बना सकता है, ड्रोन नियंत्रित कर सकता है और डिलीवरी मार्ग सुधार सकता है, पर ईंट उठाना, वेल्डिंग करना या कठिन परिस्थितियों में काम पूरा करना आज भी मनुष्य के ही बस की बात है। एआई गिग वर्कर्स को बेहतर अवसरों से जोड़ रहा है और 2026 तक एआई-आधारित गिग अर्थव्यवस्था के 335 बिलियन डॉलर तक पहुं. चने का अनुमान है। फिर भी, एआई थकान का अनुमान लगा सकता है, पर वह वह धैर्य और जिद नहीं दे सकता जो एक मजदूर बारिश में भी काम करते हुए दिखाता है। एआई मजदूरों का विरोधी नहीं, बल्कि सही उपयोग होने पर उनका सहयोगी बन सकता है। मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएं देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामा. जिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएं घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है। 1 मई 2026 इन्हीं प्रश्नोंकृमहिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्यायकृपर केंद्रित है। इतिहास साक्षी है कि मजदूरों की एकजुटता ने बदलाव रचे हैं, चाहे 1886 का शिकागो हो या आज का भारत। उनकी चुप्पी भी एक गहरा प्रश्न छोड़ती है क्या उनकी भागीदारी के बिना प्रगति संभव है? हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है जहां मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहां कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियां ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी। श्रम की धड़कनों से गढ़ी यह दुनिया किसी एक दिन की पहचान नहीं मांगती, बल्कि निरंतर सम्मान चाहती है। इस 1 मई को केवल अवकाश न समझें, बल्कि उन हाथों को महसूस करें जो ईंट-पत्थर जोड़कर हमारे सपनों के शहर बनाते हैं। उनकी जीवन-कहानियों को सुनें, उनकी आवाज को मंच दें और उनके परिश्रम को वह स्थान दें जो वास्तव में उनका अधिकार है। वे लोग जो शहरों की परछाइयों में रहकर भी राष्ट्र की प्रगति का भार उठाते हैं, असली निर्माता वही हैं। जब हर श्रमिक का सम्मान समाज की ऊंचाई बनेगा, तभी विकास का अर्थ पूर्ण और सार्थक होगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति श्रम के मौन पसीने में छिपी होती है।

# एक किला जो इतिहास और साहसिकता का संगम है

**राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**

राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।



**कैंपिंग**- किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**- राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गति. विधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ-साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# अधिक खतरनाक होते कीटनाशक का मानव पर प्रभाव

कीटनाशक प्राकृतिक या रासायनिक रूप से संश्लेषित यौगिक हैं जो संपूर्ण खाद्य और पशु आहार उत्पादन चक्र के दौरान कीटों को रोकने, नष्ट करने, खदेड़ने या नियंत्रित करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। कीटनाशक कई तरह के होते हैं। जैसे, पौधों के विकास नियामक, डिफॉलिएटर्स (पत्तीनाशी), डेसिकैंट्स (जलशोषक), फलों की तादाद कम करने वाले रसायन, और परिवहन एवं भंडारण के दौरान फसल को खराब होने से बचाने वाले रसायन जिन्हें कटाई के पहले या बाद में फसलों पर लगाया जाता है। जंतुओं के बाह्य-परजीवियों का प्रबंधन भी कीटनाशकों के माध्यम से किया जाता है। कीटनाशी, शाकनाशी, कवकनाशी, कृमिनाशी और पक्षीनाशी वगैरह कीटनाशकों की विभिन्न श्रेणियां हैं।

कीटनाशकों को उनके सक्रिय घटक, रासायनिक संरचना, क्रिया के तरीके और विषाक्तता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। कीटनाशक कार्बनिक और अकार्बनिक दोनों तरह के हो सकते हैं। जैविक कीटनाशक कार्बन आधारित होते हैं, जैसे प्राकृतिक पदार्थों से प्राप्त कीटनाशक या कार्बनिक रसायनों से संश्लेषित कीटनाशक। अकार्बनिक कीटनाशक खनिज या ऐसे रासायनिक यौगिकों से प्राप्त होते हैं जो प्रकृति में जमा होते हैं। इनमें मुख्य रूप से एंटीमनी, तांबा, बोरॉन, फ्लोरीन, पारा, सेलेनियम, थैलियम, जस्ता के यौगिक तथा तात्विक फास्फोरस और सल्फर होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कीटनाशकों को उनकी विषाक्तता के आधार पर वर्गीकृत किया है। अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों को वर्ग-1a, अधिक खतरनाक को वर्ग-1 b, मध्यम खतरनाक को वर्ग-II और थोड़े खतरनाक को वर्ग-III में वर्गीकृत किया गया है।

किसानों की बढ़ती उत्पादकता और बढ़ती आमदनी के रूप में कीटनाशकों के उपयोग का भारी प्रभाव पड़ा है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या के चलते बढ़ती वैश्विक खाद्य मांग ने इनके उपयोग को बेतहाशा बढ़ा दिया है। कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से खाद्य उपज में कीटनाशक अवशेष बचे रह जाते हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। कीटनाशकों के अनियमित उपयोग और दुरुपयोग के कारण पर्यावरण में अवशेष जमा हो जाते हैं, जिनमें से कई आसानी से नष्ट नहीं होते और वर्षों तक वहीं बने रहते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अनाज, सब्जियों, फलों, शहद और उनसे व्युत्पन्न उत्पादों, जैसे जूस आदि में कीटनाशकों के अंश पाए गए हैं। लापरवाह और अनुचित निपटान प्रथाएं मछली, अन्य जलीय जीवन, प्राकृतिक परागणकर्ताओं (मधुमक्खियों और तितलियों) सहित गैर-लक्षित जीवों (पशुधन, पक्षी और लाभकारी सूक्ष्मजीव) पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

खाद्य, कृषि उत्पादों या पशु आहार में कीटनाशक अवशेष विभिन्न रूपों में हो सकते हैं-जैसे उनके चयापचय से बने, परिवर्तन से बने, अभिक्रियाओं से बने पदार्थ। कीटनाशकों के बार-बार उपयोग से लाभकारी जीव मारे जाते हैं, कीटों में प्रतिरोध बढ़ जाता है और जैव विविधता का नुकसान होता है। इन सबके चलते कीटों का वापिस लौटना आसान हो जाता है। हेप्टाक्लोर, एंड्रिन, डायएल्ड्रिन, एल्ड्रिन, क्लोर्डेन, डीडीटी और एचसीबी कुछ टिकाऊ कार्बनिक पर्यावरण प्रदूषक हैं। भारत कीटनाशकों का एक प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। भारत में कीटनाशक उद्योग एक अरब डॉलर का है। जिसमें एसीफेट का उत्पादन सबसे अधिक होता है, इसके बाद अल्फामेथ्रिन और क्लोरपाइरीफॉस का नंबर आता है। एनएसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, यूपीएल लिमिटेड और भारत रसायन लिमिटेड के अलावा बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड, रैलीज कुछ प्रमुख कीटनाशक निर्माता हैं। एक ओर भारत से 6,29,606 मीट्रिक टन कीटनाशकों का निर्यात किया जाता है वहीं दूसरी ओर, 1,33,807 मीट्रिक टन कीटनाशकों का आयात किया जाता है। कीटनाशकों की खपत यूरोप में सबसे अधिक है। इसके बाद चीन और यूएसए का नंबर आता है। भारत में भी प्रति हैक्टर कीटनाशकों की खपत बढ़ी है। 2022 की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कीटनाशकों की औसत खपत लगभग 0.381 किग्रा सक्रिय घटक हैक्टर है। तुलना के लिए, विश्व की औसत खपत 0.5 किग्रा सक्रिय घटक/हैक्टर है। (विश्व स्तर पर) उपयोग के लिए पंजीकृत 293 कीटनाशकों में से भारत में 104 कीटनाशकों का निर्माण हो रहा है। 2022 तक, हमारे देश में 46 कीटनाशकों और 4 कीटनाशक फॉर्मूलेशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अभी भी 39 कीटनाशक वर्ग-1b के हैं, जबकि 23 कीटनाशक वर्ग-II और वर्ग-III स्तर के हैं। भारत में खपत होने वाले कुल कीटनाशकों में से अधिकांश अत्यधिक या अधिक खतरनाक (1a या 1b) श्रेणी में आते हैं और केवल 10-15 प्रतिशत गैर-विषैले कीटनाशक के रूप में पंजीकृत हैं। भारत में कीटनाशकों के उपयोग का नियमन व नियंत्रण 1968 के कीटनाशक अधिनियम और 1971 के कीटनाशक नियमों के अधीन है। यह नियम-अधिनियम मनुष्यों, जानव. रों और पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से कीटनाशकों के आयात, पंजीकरण, निर्माण, बिक्री, परिवहन, वितरण और उपयोग को नियंत्रित करते हैं। यद्यपि दो कीटनाशकों, बेरियम कार्बोनेट व कूमाक्लोर का उपयोग बंद कर दिया गया है लेकिन तीन बेहद खतरनाक कीटनाशक, ब्रोडिफाकम, ब्रोमैडायओलोन और फ्लोकोमाफेन (1a) अभी भी भारत में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं। फरवरी 2020 में प्रकाशित एक मसौदा अधिसूचना में प्रस्ताव दिया गया था कि मनुष्यों व जानवरों के स्वास्थ्य और पर्यावरण सम्बंधी खतरों को देखते हुए ट्राइसाइक्लाजोल और बुप्रोफेजिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।



ये पौधों, जानवरों, बैक्टीरिया और कुछ खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों से बने होते हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल हैं। और आम तौर पर रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में अधिक सुरक्षित होते हैं। कीट प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को कम करने के लिए जैविक और यांत्रिक तरीकों सहित विभिन्न कीट नियंत्रण विधियां हैं। कीटों को दूर रखने या लाभकारी कीटों को आकर्षित करने के लिए एक साथ विभिन्न फसलें लगाई जाती हैं। जैविक खाद का उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करने के लिए किया जा सकता हैय रासायानिक उर्वरक कीटों को आकर्षित कर सकते हैं। हालांकि यह उपाय उतने प्रभावी नहीं हैं, लेकिन अधिक सुरक्षित व टिकाऊ हैं। जैविक खेती, परिशुद्ध खेती और कृषि-पारिस्थितिकी जैसे कुछ अन्य वैकल्पिक उपाय रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर अधिक टिकाऊ विधियां अपनाने में मदद कर सकते हैं।

**(स्रोत फीचर्स)**



किर्गिस्तान। बिश्केक में दक्षिण अफ्रीकी रक्षा मंत्री संघ (एससीओ) की बैठक के दौरान अपने रूसी समकक्ष एंड्री बेलौसोव के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल ने की राजस्थान चैप्टर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल (आईएसीसी) ने अपने राजस्थान चैप्टर की शुरुआत की है, जो राज्य स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक विस्तार है। आईएसीसी की मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उम्मीद जताई गई है कि यह चैप्टर सीमा पार साझेदारी को सुविधाजनक बनाने, नीतिगत संवाद को बढ़ाने और भारतीय तथा अमेरिकी व्यवसायों के बीच क्षेत्र-विशिष्ट के लिए सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। अमेरिकी दूतावास में वाणिज्यिक मामलों के सलाहकार जोनाथन हेइमर ने कहा कि विकसित होती भारत-अमेरिका साझेदारी वैश्विक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया का भविष्य काफी हद तक अमेरिका और भारत के बीच की साझेदारी पर निर्भर करेगा।

# पाक का अफगान पर मिसाइल अटैक, 7 की मौत

## 75 घायल, 6 पाक सैनिकों की मौत के बाद किया जवाबी हमला

काबुल/इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया।

तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए। उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और राकेट दागे गए। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई। इसमें



■ सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और राकेट दागे गए: हमदुल्लाह फितरत

■ दूसरी तरफ पाक ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है

पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए। हालांकि, इन दावों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार फायरिंग हुई, जिसमें एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तालिबान ने जवाबी हमला किया। दोनों देशों के बीच पहले से ही तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान ने मार्च में राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर भी हमला किया था, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया गया था। दोनों देशों के बीच मार्च में एक सीजफायर हुआ था, जिससे कई हफ्तों से चल रही खूनखराबे वाली झड़पें रुकी थीं, लेकिन अब हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। चीन के अलावा तुर्की, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी इस विवाद को खत्म कराने की कोशिश कर चुके हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इस साल संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डान ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है। 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे टीटीपी नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था।

# इमरान खान की आंखों की रोशनी पर खतरा



■ चौथी बार हुई सर्जरी इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्युप्यूजन यानी सीआरवीओ नाम की बीमारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक बार फिर आंखों के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिम्स अस्पताल में उन्हें चौथी बार इंट्राविट्रियल एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि 74 वर्षीय इमरान खान को 28 अप्रैल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था।

डाक्टर ने जांच के बाद उनकी हालत को स्थिर बताया और फिर आपरेशन थिएटर में जरूरी प्रक्रियाओं के बाद उन्हें चौथा इंजेक्शन दिया गया। इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्युप्यूजन यानी सीआरवीओ नाम की बीमारी है, जिसका पता इस साल जनवरी के अंत में चला था। इससे पहले इमरान खान को 24 जनवरी को पहला इंजेक्शन लगाया गया था। इसके बाद 24 फरवरी को उन्हें दूसरी खुराक दी गई और 23 मार्च को तीसरा इंजेक्शन लगाया गया। डाक्टरों ने बताया कि उनके ताजा टेस्ट में सुधार देखा गया है। यह प्रक्रिया एक डे केयर सर्जरी की तरह थी जिसके बाद उन्हें जरूरी सुझावों के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान ने सोशल मीडिया पर इमरान खान के अस्पताल जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इमरान खान को रात में इंजेक्शन और मेडिकल चेकअप के लिए पिम्स ले जाया गया था। हालांकि उन्होंने सरकार के रवैये पर सवाल भी उठाए हैं। बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा, इलाज जो भी हो लेकिन हमारी चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किसी ऐसे अस्पताल में शिफ्ट किया जाना चाहिए जहां उनके निजी डाक्टरों और परिवार की देखरेख में इलाज हो सके। यह उनका मौलिक अधिकार है और हम लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं। विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री को इलाज के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि सरकार इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पारदर्शिता नहीं बरत रही है।

# ईरान-रूस रणनीतिक साझेदारी की गहराई साबित हुई: अराघची

## कहा: क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया



■ हालिया घटनाक्रमों ने दोनों देशों के संबंधों की शक्ति को प्रमाणित किया है: अराघची

■ उनकी यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठकों के बाद आई

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस के साथ ईरान की रणनीतिक साझेदारी की बढ़ती गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया है।

अराघची ने सेंट पीटर्सबर्ग में उच्चस्तरीय बैठकों के बाद कहा कि क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में रूस के साथ सर्वोच्च स्तर पर संवाद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाक्रमों ने दोनों देशों के संबंधों की शक्ति को प्रमाणित किया है। अराघची ने रूस के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैसे-जैसे सहयोग का विस्तार हो रहा है, ईरान कूटनीतिक प्रयासों में रूस की एकजुटता का स्वागत करता है। उनकी यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठकों के बाद आई। पुतिन ने ईरानी जनता की संप्रभुता की रक्षा के लिए उनके 'साहसिक और वीरतापूर्ण' प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि क्षेत्र में स्थिरता लौटेगी। उन्होंने कहा कि रूस ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के हितों की सुरक्षा तथा शांति बहाली के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। लावरोव ने अराघची के साथ अपनी वार्ता को उपयोगी बताया। अराघची ने अपने क्षेत्रीय दौरे के अंतिम चरण में दोहराया कि ईरान-रूस के बीच संबंध आगे भी और मजबूत होंगे तथा इसे उन्होंने 'रणनीतिक साझेदारी' बताया। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर 'अकारण आक्रामक युद्ध' का आरोप लगाते हुए कुछ देशों की चुप्पी की आलोचना की। अराघची ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका की बदलती स्थितियां, तीखी बयानबाजी और प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन ने कूटनीतिक प्रगति को बाधित किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे दोहरे मापदंडों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए व्यापक परिणाम सामने आने का खतरा है।

## युद्ध के बाद से ईरान में दवाओं की भारी किल्लत

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल संयुक्त हमलों के बाद से ईरानी दवाखानों में दवाओं की भारी कमी हो गई है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका-इजरायल ने देश के विभिन्न प्रांतों में लगभग 25 फार्मास्युटिकल सुविधा केंद्रों पर हमले किए हैं। लक्ष्यों की सूची में बड़े और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संस्थान शामिल हैं, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, एनेस्थीसिया और मल्टीपल स्केलेरोसिस की दवाएं बनाने वाले फार्मास्युटिकल केन्द्र के साथ-साथ तेहरान में पाश्चर संस्थान (टीका निर्माता) भी शामिल है। तेहरान के वलीअसर स्क्वायर के पास एक फार्मेसी में कार्यरत डॉ. पेजमान नईम ने स्पुतनिक को बताया कि मधुमेह और हृदय रोगों जैसी कुछ दवाएं बाजार में अत्यंत दुर्लभ हो गई हैं। युद्ध के दौरान भी इनकी आपूर्ति बहुत कम थी और नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। अब स्थिति और भी गंभीर हो गई है। डॉ. नईम ने उल्लेख किया कि चुनौतियों के बावजूद स्थिति नियंत्रण में है। ईरानी अधिकारियों ने एक हेल्पलाइन स्थापित की है जिसके माध्यम से नागरिक यह जान सकते हैं कि कौन सी दवाएं स्टॉक में नहीं हैं और वे किन फार्मेसियों में उपलब्ध हैं। फार्मासिस्टों ने मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वयं एक नेटवर्क तैयार किया है।

# हमलावर पर ट्रम्प की हत्या की कोशिश का लगा आरोप



■ कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है कोल टामस एलन को

■ एफबीआई के अनुसार उसने छह अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस कारेस्पान्डेंट्स डिनर में फायरिंग करने वाले हमलावर 31 वर्षीय कोल टामस एलन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। डिनर कार्यक्रम में ट्रम्प, फर्स्ट लेडी मेलानिया, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, कैबिनेट सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे।

आरोपी पर राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश, हथियारों को राज्य सीमा पार ले जाने, हिंसक अपराध के दौरान गोली चलाने और फेडरल अधिकारियों पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। दोषी पाए जाने पर उसे कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी कैलिफोर्निया के टारेंस का रहने वाला है। एफबीआई के अनुसार उसने 6 अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था। वह 21 अप्रैल को लास एंजिलिस क्षेत्र से निकला, पहले ट्रेन से शिकागो पहुंचा और फिर वाशिंगटन आया। जांच एजेंसियों के मुताबिक आरोपी शाटगन, पिस्तौल और कई चाकुओं के साथ सुरक्षा जांच क्षेत्र तक पहुंचा और मेटल डिटेक्टर पार करने की कोशिश की। इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनी गई। वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी अटार्नी जीनिन पिरो शनिवार को हुए व्हाइट हाउस कारेस्पान्डेंट्स डिनर शूटिंग मामले के आरोपी कोल टोमस एलन के पास मिली शाटगन की तस्वीर दिखाती हुईं। एफबीआई ने कहा कि आरोपी ने एक ईमेल भी तैयार किया था, जिसमें प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बताया गया था। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा: अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।

# गुटेरेस ने परमाणु प्रसार पर जताई चिंता

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने किया एनपीटी की व्यापक समीक्षा का आह्वान



■ कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं और हथियार नियंत्रण व्यवस्था दम तोड़ रही है: गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि वैश्विक स्तर पर परमाणु प्रसार तेज हो रहा है, जिससे नये परमाणु हथियारों की दौड़ का खतरा बढ़ता जा रहा है।

गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के सदस्य देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक संधि कमजोर पड़ रही है, क्योंकि सदस्य देशों की प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हो रहीं और वैश्विक भरोसा लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा कि संधि कमजोर हो रही है, वचन पूरे नहीं हुए हैं, विश्वास और विश्वसनीयता क्षीण हो रही है तथा परमाणु प्रसार की प्रवृत्तियां तेज हो रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि दुनिया परमाणु हथियारों के खतरों को 'सामूहिक रूप से' भूल रही है, जबकि भू-राजनीतिक तनाव और सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन का लक्ष्य 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले प्रस्ताव से जुड़ा है, लेकिन मौजूदा समय में इस दिशा में हुई प्रगति गंभीर दबाव में है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर परमाणु हथियारों की धमक सुनाई दे रही है। अविश्वास हावी है। कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं और हथियार नियंत्रण व्यवस्था दम तोड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के अनुसार, पिछले वर्ष वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो विकास सहायता से कहीं अधिक है और वैश्विक प्राथमिकताओं के असंतुलन को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि कई दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है, जबकि कुछ देशों में परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने और परमाणु हथियार हासिल करने की चर्चाएं भी तेज हो रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परमाणु हथियार सुरक्षा प्रदान नहीं करते।

# इंडोनेशिया में दो ट्रेनों की टक्कर में सात लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पूर्व में स्थित बेकासी शहर में सोमवार देर रात दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 81 अन्य घायल हो गए। एक समाचार एजेंसी ने रेलवे के अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर खोज और बचाव कार्य जारी है। ट्रेनों की यह टक्कर बेकासी तैमूर स्टेशन पर हुई, जब एक उपनगरीय यात्री ट्रेन और एक लंबी दूरी की ट्रेन आपस में टकरा गईं। लंबी दूरी की ट्रेन ने दूसरी ट्रेन के पिछले डिब्बे को टक्कर मार दी, जो महिलाओं के लिए आरक्षित था।



# मर्दानी-3 का सफर बेहद भावनात्मक: रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि उनके लिये मर्दानी 3 का सफर बेहद भावानात्मक रहा है। फिल्म मर्दानी 3 को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म स्ट्रीमिंग पर एक बड़ी सफलता के रूप में उभरी है। फिल्म अपनी मजबूत थिएट्रिकल रन के बाद 30 दिनों तक नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड करती रही। मर्दानी 3 ने कल नेटफ्लिक्स पर 30 दिन पूरे किए, जो इस चर्चित फ्रेंचाइज़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की एकमात्र सफल महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइज़ बनी हुई है। रानी मुखर्जी ने कहा कि मेरे लिए मर्दानी 3 का सफर बेहद भावनात्मक है, क्योंकि इसने हर जगह दर्शकों से जुड़ाव बनाया है। पहले सिनेमाघरों में और अब दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर। फिल्म का थिएट्रिकल रन बहुत मजबूत रहा, इसने महिला-प्रधान एक्शन फिल्म और फ्रेंचाइज़ के लिए कई मील के पत्थर पार किए, और आज इसे पूरे एक महीने तक स्ट्रीमिंग पर टॉप फिल्मों में ट्रेंड करते देखना बेहद विनम्र करने वाला अनुभव है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# एनपीटी के आसपास की स्थिति चिंताजनक

## पश्चिमी देश इस संधि का कर रहे हैं राजनीतिकरण: रूसी दूत का आरोप

■ 'रूसी खतरे' के बहाने पेरिस परमाणु हथियारों का संचय कर रहा है

**जिनेवा।** जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के लिये रूस के स्थाई प्रतिनिधि गेनेडी गैतिलोव ने 'आरआईए नोवोस्ती' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के आसपास की स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पश्चिमी देश संधि के मंच पर कार्यों का राजनीतिकरण करना चाहते हैं।

परमाणु अप्रसार संधि का 11वां समीक्षा सम्मेलन सोमवार को न्यूयॉर्क में शुरू हुआ। रूसी राजनयिक ने कहा कि सच कहूं तो, संधि के आसपास की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिमी देश एनपीटी मंच पर कार्यों का राजनीतिकरण करना जारी रखे हुए हैं, और संधि से असंबद्ध राष्ट्रीय मुद्दों को चर्चा के केंद्र में ला रहे हैं। गैतिलोव ने कहा कि 'रूसी खतरे' के बहाने पेरिस परमाणु हथियारों का संचय कर रहा है, जो रूस की सुरक्षा के लिये तत्काल जोखिम पैदा करता है। राजनयिक ने कहा कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की 'परमाणु' आकांक्षाओं का हमारे लिये एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्हें एक काल्पनिक रूसी खतरे के माध्यम से उचित ठहराया जा रहा है। हमारा मानना है कि ऐसा घटनाक्रम न केवल रूस की सुरक्षा के लिये तत्काल जोखिम पैदा करता है, बल्कि रणनीतिक स्थिरता पर भी बहुत नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे देश के प्रति फ्रांस और पूरे नाटो सैन्य-राजनीतिक गुट के शत्रुतापूर्ण इरादों की भी पुष्टि करता है। रूसी राजदूत ने दावा किया कि रूस ने पेरिस द्वारा परमाणु हथियारों के संचय का जवाब देने के लिये पर्याप्त उपाय तैयार किये हैं। राजनयिक ने कहा कि रूसी संघ स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है। हम एक जिम्मेदार और संयमित दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, यदि फ्रांस और अन्य नाटो देशों की उपरोक्त योजनाओं को पूरी तरह से लागू किया जाता है, तो निस्संदेह हमारे पास रूस और उसके नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त उपाय मौजूद हैं। मैक्रों ने मार्च में घोषणा की थी कि फ्रांस अपनी परमाणु निवारण नीति को मजबूत कर रहा है और उन्होंने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि फ्रांस को पूरे यूरोप को कवर करने के लिये अपनी परमाणु रणनीति का विस्तार करने पर विचार करना चाहिए। डेनमार्क ने पहले ही फ्रांस के साथ एक रणनीतिक परमाणु निवारण समझौता कर लिया है, जिसका उद्देश्य नाटो के निवारण तंत्र को पूरक बनाना है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108